


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

वर्ष 03, अंक 166 | ग्वालियर मंगलवार 23 जून 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8




अब तक 4.68 लाख की मौत

# दुनिया में 90 लाख के करीब पहुंचा कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा

**नई दिल्ली।** दुनिया में कोरोना वायरस का संक्रमण तेजी से पाँव पसार रहा है। पूरी दुनिया में कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा 90 लाख के करीब पहुंच चुका है। ताजा आंकड़ों के अनुसार कोरोना वायरस से दुनिया भर में अब तक 89,28,652 लोग संक्रमित हुए हैं और 4,67,671 लोगों की मौत हो चुकी है। कोरोना संक्रमण के मामले में अमेरिका विश्व भर में पहले, ब्राजील दूसरे और रूस तीसरे स्थान पर है। दूसरी तरफ इस महामारी से हुई मौतों के आंकड़ों के मामले में अमेरिका पहले, ब्राजील दूसरे और ब्रिटेन तीसरे स्थान पर है। भारत में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना संक्रमण के 14,821 नये मामले दर्ज किये गये हैं और अब




कुल संक्रमितों की संख्या 4,25,282 हो गई है। इसी अवधि में 445 लोगों की मृत्यु होने से मृतकों की संख्या बढ़कर 13,699 हो गई है। देश में इस समय कोरोना के 1,74,387 सक्रिय मामले हैं और अब तक 2,37,196 लोग इस महामारी से निजात पा चुके हैं। भारत संक्रमण के मामले में विश्व में सबसे अधिक प्रभावित देशों की सूची में चौथे स्थान पर है। अमेरिका में कोरोना से अब तक 22,79,875 लोग संक्रमित हो चुके हैं तथा 1,19,967 लोगों की मृत्यु हो चुकी है। ब्राजील में कोरोना के संक्रमण से मरने वालों की संख्या 50 हजार से अधिक हो गयी है। यहां अब तक 10,83,341 लोग इसकी चपेट में आ चुके हैं जबकि 50,591 लोगों की मौत हो चुकी है। रूस में भी कोविड-19 का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है और यहां इसके संक्रमण से अब तक 5,83,879 लोग प्रभावित हुए हैं तथा 8101 लोगों ने जान गंवाई है। ब्रिटेन में इस संक्रमण के कारण हालात लगातार खराब होते जा रहे हैं। यहां अब तक इस महामारी से 3,05,803 लोग संक्रमित हुए हैं तथा 42,717 लोगों की मृत्यु हो चुकी है।

## देश चीन के खिलाफ दो लड़ाई लड़ रहा है दोनों को जीतेंगे : अरविंद केजरीवाल



**नई दिल्ली** । दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पूर्वी लद्दाख के मामले पर कहा है कि देश चीन के खिलाफ दो लड़ाई लड़ रहा है, एक कोरोना वायरस और दूसरी सीमा पर। अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि भारत चीन बॉर्डर पर और चीन से आए वाइरस के खिलाफ। हमारे 20 वीर जवान पीछे नहीं हटे। हम भी पीछे नहीं हटेंगे और दोनों युद्ध जीतेंगे। केजरीवाल ने कहा कि पूरा देश हमारे डॉक्टरों और सैनिकों के साथ खड़ा है जो दो मोर्चों पर लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह राजनीति का समय नहीं है, हम सभी को एकजुट होकर ये युद्ध लड़ने होंगे। एक वीडियो संदेश जारी करते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हम यह दोनों लड़ाई जीतेंगे। केजरीवाल का यह बयान तब आया है जब राजधानी दिल्ली में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में भारी वृद्धि देखने को मिली है। हालांकि, दिल्ली में कोरोना से पार पाने के लिए केजरीवाल और केंद्र सरकार एक साथ काम कर रही है। केंद्र ने इस मसले को लेकर अभी तक कई बैठके कर चुके है। अपने वीडियो संदेश में केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में होम क्वारंटाइन में रहने वाले कोरोना के मरीजों को सरकार पल्स ऑक्सीमीटर देगी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा, %जिन मरीजों को हल्के कोरोना के लक्षण हैं और वे होम क्वारंटाइन में हैं, ऐसे मरीजों को हम पल्स ऑक्सीमीटर देंगे। इसके चलते वे अपनी ऑक्सीजन संबंधित दिक्कतों की जांच कर सकेंगे। केजरीवाल ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में हमनें राजधानी में टेस्टिंग को तीन गुना तक बढ़ा दिया है। पहले पांच हजार टेस्टिंग रोजाना की जा रही थीं, अब इसे बढ़ाकर 18 हजार कर दिया गया है।

## उत्तराखंडः चीन सीमा को जोडऩे वाली सड़क पर वैली ब्रिज टूटा

**पिथौरागढ़.** उत्तराखंड के सीमांत जनपद पिथौरागढ़ के मुनस्यारी तहसील में चीन सीमा को जोडऩे वाले मुनस्यारी-मिलम सड़क मार्ग पर सेनरगाड़ पर बना वैली ब्रिज आज सोमवार 22 जून की पूर्वाह्न नौ बजे टूट गया. पुल टूटने की घटना उस समय हुई, जब पुल से एक ट्राला पोकलैंड मशीन लेकर गुजर रहा था. हादसे के बाद ट्राले पर लदी पोकलैंड मशीन नदी में समा गई. इस महत्वपूर्ण पुल के टूटने से दोनों ओर आवाजाही ठप हो गई है. हादसे में ट्राला चालक गोवर्धन सिंह निवासी लमगड़ा अल्मोड़ा और पोकलैंड ऑपरेटर लखविन्दर सिंह निवासी पंजाब गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका



उपचार स्वास्थ्य केंद्र मुनस्यारी में चल रहा है. गौरतलब है कि इन दिनों चीन सीमा को जोडऩे वाली मिलम सड़क को काटने का काम जोरों पर है, इसलिए भारी भरकम मशीनों को बॉर्डर पर पहुंचाया जा रहा है. हादसे की सूचना पर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और वाहन चालक और परिचालक को अस्पताल पहुंचाया. चिकित्सकों का कहना है कि दोनों घायलों के स्वास्थ्य में सुधार है. फिलहाल इस महत्वपूर्ण पुल के टूटने से चीन सीमा से संपर्क कट गया है. इससे सीमा पर तैनात भारतीय सेना और आईटीबीपी की दिक्कतें बढ़ गई हैं. इसी रास्ते से भारतीय जवानों को रसद सामग्री बॉर्डर पर पहुंचाया जाता है.

### गृहमंत्री अमित शाह अहमदाबाद में जगन्नाथजी की मंगला आरती में शामिल होंगे

**अहमदाबाद।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को अहमदाबाद में भगवान जगन्नाथजी मंदिर में मंगला आरती में शामिल होंगे। बाद में गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी रथयात्रा में पहिंद विधि कर रथों को प्रस्थान कराएंगे। बता दें कि फिलहाल रथयात्रा के आयोजन को लेकर संशय बरकरार है। गुजरात हाईकोर्ट ने रथयात्रा के आयोजन पर रोक लगा दी है। दूसरी ओर सुप्रीम कोर्ट से पुरी में रथयात्रा को सशर्त मंजूरी देने के बाद अहमदाबाद में भी शर्तिया मंजूरी पाने की दिशा में कोशिशें तेज हो गई हैं। इस बीच मंदिर के ट्रस्टी महेन्द्र झा ने बताया कि मुख्यमंत्री विजय रूपाणी आज शाम भगवान जगन्नाथजी की संध्या आरती में शामिल होंगे ।

## पाकिस्तान ने किया सीजफायर का उल्लंघन

सेना का एक जवान शहीद, एक घायल



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की ओर से लगातार सीजफायर का उल्लंघन कर फायरिंग की जा रही है। सोमवार की सुबह पाकिस्तान की ओर से जम्मू-कश्मीर के राजौरी और पुंछ जिले को निशाना बनाते हुए फायरिंग की गई। पाकिस्तान की ओर से राजौरी के नौशेरा सेक्टर और पुंछ के कृष्णा घाटी सेक्टर में फायरिंग की गई, जिसमें एक जवान शहीद हो गया है। जबकि एक अन्य जवान घायल हो गया। ज्ञात रहे कि इस साल पाकिस्तान की सेना ने दो हजार से अधिक बार सीजफायर का उल्लंघन किया है।

## चीन की धमकियों का जवाब दिया जाना जरूरीः डॉ मनमोहन सिंह

**नई दिल्ली।** पूर्वी लद्दाख के गलवान घाटी में एलएसी पर हुई हिंसक झड़प के बाद भारत-चीन के बीच तनाव जारी है। इस बीच पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह ने मोदी सरकार से चीन को जवाब देने की अपील की है लद्दाख सीमा विवाद में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए मनमोहन सिंह ने कहा कि जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाना चाहिए। सरकार को चीन की धमकियों और बयानों से कमजोर नहीं पडऩा चाहिए। यही समय है जब पूरे राष्ट्र को एकजुट होना है और संगठित होकर इस दुस्साहस



का जवाब देना होगा। पूर्व पीएम मनमोहन सिंह ने चीन के साथ जारी तनाव पर एक बयान जारी कर कहा कि हम सरकार से आगाह करेंगे कि भ्रामक प्रचार कभी भी कूटनीति और मजबूत नेतृत्व का विकल्प नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि आज हम इतिहास के नाजुक मोड़ पर खड़े हैं। हमारी सरकार के निर्णय और सरकार के कदम तय करेंगे कि भविष्य की पीढिय़ां हमारा आंकलन कैसे करें। जो देश का नेतृत्व कर रहे हैं, उनके कंधों पर कर्तव्य का गहन दायित्व है। हमारे प्रजातंत्र में यह दायित्व प्रधानमंत्री का है पूवजू प्रधानमंत्री ने कहा कि चीन ने अप्रैल से लेकर आजतक गलवान घाटी और पैंगॉन्ग त्सो लेक में कई बार घुसपैठ की है। भारत के क्षेत्रों पर जबरन दावा पेश किया है।

## जगन्नाथ रथ यात्रा को सुप्रीम कोर्ट से मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** पुरी में जगन्नाथ रथ यात्रा को सुप्रीम कोर्ट ने हरी झंडी दिखा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कुछ शर्तों के साथ रथयात्रा की इजाजत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, पुरी रथ यात्रा स्वास्थ्य से समझौता किए बिना मंदिर समिति, राज्य और केंद्र सरकार के समन्वय के साथ आयोजित की जाएगी। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस अरुण मिश्रा की अध्यक्षता वाली दो जजों की बेंच के



सामने भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा पर सोमवार 22 जून को सुनवाई की गई। केंद्र ने कोर्ट ने सामने कहा कि बिना भीड़ के धार्मिक रीतियों को पूरा करने की अनुमति दी जानी चाहिए, पूरी सावधानी के साथ यात्रा पूरी की जाएगी। केंद्र की ओर से सॉलीसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता ने कहा कि सदियों की परंपरा को रोका नहीं जा सकता।

## मिजोरम में भूकंप के झटके, सड़कों में पड़ी दरारें, इमारतें क्षतिग्रस्त

**नई दिल्ली।** पिछले कुछ दिनों से उत्तर भारत खासतौर पर राजधानी दिल्ली में भूकंप के झटके महसूस किए जा रहे हैं। इस बीच अब मिजोरम में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर स्कैल पर इनकी तीव्रता 5.5 बताई जा रही है और यह भूकंप चंपई से 27 किमी दूर दक्षिण पश्चिम में आया है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार यह सुबह 4.10 बजे आया और इसकी तीव्रता इतनी थी कि सड़कों में दरारें पड़ गई वहीं इमारतों को भी नुकसान पहुंचा है। बता दें कि पूर्वोत्तर के मणिपुर, मेघालय, असम और मिजोरम में रविवार को भी भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए थे। रविवार को आए भूकंप की




तीव्रता रिक्टर स्कैल पर 5.1 मापी गई थी। आज आए भूकंप के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य के मुख्यमंत्री जोरामथंगा से बात कर हर तरह की मदद का आश्वासन दिया है। पीएम मोदी ने खुद ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। आज 22 जून सोमवार की सुबह अचानक आए भूकंप के बाद लोग अपनी घरों के बाहर की ओर भागने लगे। राज्य के भूविज्ञान और खनिज संसाधन विभाग के अधिकारी ने कहा कि अब तक इस भूकंप की वजह से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। नेशनल सेंटर ऑफ सीस्मोलॉजी के बयान का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि भूकंप सुबह 4.10 बजे आया और इसका केंद्र भारत-म्यांमार सीमा पर चंपई के 27 किमी दूर स्थित था। इसकी वजह से चंपई के जोखावतार में चर्च और कुछ मकानों को नुकसान पहुंचा है वहीं हाईवे पर दरारें पैदा हो गई हैं।

## सरकार पर छोड़ दें सीमा की रक्षा का काम-मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमों मायावती ने चीन के साथ जारी गतिरोध के मसले पर सरकार और विपक्ष की एकजुटता का आह्वान करते हुए देशहित और सीमा की रक्षा का काम सरकार पर छोड़ देने की सलाह दी है। बसपा नेत्री मायावती ने सोमवार को किए गए सिलसिलेवार ट्वीट में कहा कि अभी हाल ही में 15 जून को लद्दाख में चीनी सेना के साथ हुए संघर्ष में कर्नल सहित 20 सैनिकों की मौत से पूरा देश काफी दु:खी, चिन्तित व आक्रोशित है। इसके निदान के लिए सरकार और विपक्ष दोनों को पूरी परिपक्वता तथा एकजुटता के साथ काम करना है। उन्होंने एक अन्य ट्वीट में कहा कि ऐसे कठिन एवं चुनौती भरे समय में भारत सरकार की अगली कार्रवाई के सम्बंध में लोगों व विशषज्ञों की राय अलग-अलग हो सकती है, लेकिन मूल रूप से यह सरकार पर छोड़ देना बेहतर है कि वह देशहित और सीमा की रक्षा हर हाल में करे, जो कि हर सरकार का दायित्व भी है।



## कोरोना टेस्टिंग का राज्य भर में वृहद अभियान चलाया जाए

मुख्यमंत्री चौहान ने कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा की

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में कोरोना टेस्टिंग का जिलेवार वृहद अभियान चलाया जाएगा, जिसके अंतर्गत प्रत्येक जिले में सघन सर्वे कर एक-एक कोरोना मरीज की पहचान की जाएगी। प्रदेश में कोरोना के संक्रमण की गति निरंतर धीमी हो रही है, अब हमें इसे पूरी तरह समाप्त करना है। मुख्यमंत्री श्री चौहान मंत्रालय में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहे थे। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र, मुख्य



सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, डीजीपी श्री विवेक जौहरी, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री मोहम्मद सुलेमान उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कोरोना की डबलिंग रेट 50 दिन हो गई है जबकि देश की 19.6 दिन है। प्रदेश की कोरोना ग्रोथ रेट 1.40 है जबकि देश की 3.58 है। मध्यप्रदेश कोरोना संक्रमण में अब भारत में 13वें स्थान पर आ गया है।मुख्यमंत्री ने बताया कि मध्यप्रदेश की रिकवरी रेट 76.3 प्रतिशत हो गई है, जबकि देश की 55.8 प्रतिशत है। प्रदेश में कोरोना के 175 नए मरीज मिले है, जबकि 200 मरीज स्वस्थ होकर घर गए हैं। प्रदेश में वर्तमान में कोरोना के एक्टिव प्रकरणों की संख्या 2342 रह गई है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिए कि कोरोना मॉनीटरिंग के लिए बनाए गए वरिष्ठ प्रभारी अधिकारी अपने प्रभार के जिलों का दौरा करें तथा वहां की व्यवस्थाएं देखें। हमें कोरोना संक्रमण को हर हालत में रोकना है। भिंड एवं रायसेन जिले की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिए कि कोरोना संक्रमण रोकने के लिए कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग पर विशेष ध्यान दिया जाए। फर्स्ट कॉन्टेक्ट की टेस्टिंग अनिवार्य रूप से की जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने नीमच जिले की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि नीमच जिले में विशेष रूप से जावद में और ध्यान दिए जाने की जरूरत है। सर्वेलेंस बढ़ाया जाए व एक-एक मरीज की खोज की जाए।


ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका,ऑनलाइन न्यूज़ चैंनल,पोर्टल,एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें

कार्यालय : ए ब्लॉक,404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव,गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478,7999246560

Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com

# शासन की कल्याणकारी योजनाओं की लक्ष्यपूर्ति समय सीमा में करें

## चंबल कमिश्नर ने विभागवार योजनाओ की समीक्षा बैठक में दिये निर्देश



मुरैना 22 जून 2020/चंबल संभाग के कमिश्नर श्री रविन्द्र कुमार मिश्रा ने कहा है कि शासन की कल्याणकारी एवं जनहितेषी योजनाओं के अंतर्गत जिन-जिन विभागो को लक्ष्य आंवटित किये गये है। इन लक्ष्यो की पूर्ति कार्यालय प्रमुख समय सीमा में सुनिश्चित करे। जिससे हितग्राही योजना से लाभ उठाकर अपनी यूनिट स्थापित कर आर्थिक तरक्की करने में सहायक बन सकें। वे आज कलेक्टर कार्यालय श्योपुर के सभागार में जिले के विभिन्न विभागो के अंतर्गत संचालित योजनाओ की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में कलेक्टर श्री राकेश कुमार श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक श्री सम्पत उपाध्याय, सीईओ जिला पंचायत श्री हर्ष सिहं, सहायक कलेक्टर श्री पवार नवजीवन विजय, अपर कलेक्टर श्री एसआर नायर, एसडीएम श्योपुर श्री रूपेश उपाध्याय, कराहल श्री विजय यादव, विजयपुर श्री त्रिलोचन गौड एवं विभिन्न विभागो के कार्यालय प्रमुख तथा जिला अधिकारी उपस्थित थे। कमिश्नर चंबल सभाग श्री आरके मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने के प्रयाय किये जा रहे है। साथ ही योजना के लाभ से पात्र व्यक्ति छूटना नही चाहिए। बल्कि उसे आर्थिक दिशा में संबल प्रदान करने के लिए मदद की जावे। उन्होने कहा कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में इस योजना के अंतर्गत पात्र व्यक्ति छूटना नही चाहिए। बल्कि पंजीकृत सभी श्रमिको को योजना के अंतर्गत विभिन्न स्तरो से लाभान्वित किया जावे। उन्होने कहा कि जनपद एवं नगरीय निकाय के माध्यम से इस योजना के लक्ष्य समय सीमा में परे होने चाहिए।

चंबल कमिश्नर श्री मिश्रा ने कहा कि राजस्व विभाग के अंतर्गत राहत राशि के प्रकरण में कार्यवाही समय सीमा में की जावे। इसी प्रकार भू-अर्जन की दिशा में कार्यवाही समय सीमा में होना चाहिए। रेल लाईन एवं चंबल एक्सप्रेस-वे के अंतर्गत इस कार्यवाही को समय रहते पूरा किया जावे। इसी प्रकार नामातंरण, बटवारा, सीमाकन के प्रकरण अभियान के रूप में निराकृत किये जावे। साथ ही तरमिम की दिशा में भी खसरा, नक्शा की कार्यवाही होनी चाहिए। इसके अलावा राजस्व अधिकारी अपने न्यायालय सें संबधित कोई भी पेडिंग फाईल नही रखे। बल्कि पेडेन्सी का निराकरण एक सप्ताह में करावे। उन्होने कहा कि महिला बाल विकास एंव सशक्तिकरण विभाग के माध्यम से योजनाओं का क्रियान्वयन समय पर किया जावे। साथ ही कुपोषण की मुहिम को प्रभावी बनाया जावे। उन्होने कहा कि पूरक पोषण आहार वितरण, आंगनबाडियों की संचालन व्यवस्था को प्रभावी बनाया जावे। उन्होने कहा कि नोबल कोरोना वायरस कोविड-19 के अंतर्गत आइसोलेट किये गये मरीजो का उपचार नियमित रूप से किया जावे। जिससे वे स्वस्थ होकर अपने घर जाने के लिए सहायक बन सकें। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यो की समीक्षा करते हुए कहा कि बंद नलजल योजना एंव हैण्डपम्पो के संधारण का कार्य निरंतर जारी रखा जावे। जिससे वर्षा के पूर्व योजना और हैण्डपम्प से पानी पीकर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के नागरिक लाभान्वित हो सकें। उन्होने कहा कि रेट के कॉमन टेण्डर शीघ्र कराये जावे।

### चंबल कमिश्नर ने किया कार्य विभाजन

**मुरैना।** कार्यालयीन कार्य सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये चंबल संभाग के कमिश्नर श्री रवीन्द्र कुमार मिश्रा ने पूर्व कार्यालयीन आदेश में आंशिक संसोधन करते हुये अपर आयुक्त, संयुक्त आयुक्त विकास और अतिरिक्त सहायक आयुक्त विकास के बीच कार्य विभाजन कर आदेश जारी किये है। जारी आदेश के अनुसार चंबल संभाग के अपर आयुक्त श्री अशोक कुमार चौहान को नये कार्य आदेश के अनुसार निर्वाचन शाखा संबंधी कार्य, सामान्य प्रशासन विभाग, फसल बीमा, सहकारिता, जन शिकायत निवारण, नजूल भूमि शाखा तथा कमिश्नर द्वारा समय-समय पर सौपे गये अन्य कार्य करेंगे। इसी प्रकार संयुक्त आयुक्त विकास श्री राजेन्द्र सिंह विभागीय जांच विकास, शिकायत, शिकायत विभागीय जांच राजस्व, विकास से संबंधित कार्य, आर्म्स शाखा, याचिका शाखा, आवास आवंटन एवं अनुरक्षण मद से संबंधित कार्य, राजस्व विकास की सभी वीडियो कॉन्फ्रेस एवं मीटिंग का समन्वय संबंधित कार्य, नोडल अधिकारी विधानसभा, लोकसभा राजस्व, लोक सूचना अधिकारी, सार्वजनिक वितरण प्रणाली संबंधित कार्य एवं आवंटन से शेष सभी विभागों के कार्य तथा कमिश्नर द्वारा समय-समय पर सौपे गये अन्य कार्य करेंगे।

## कमिश्नर ने एससी, एसटी के छात्रो को प्रदान किये प्रमाण पत्र





**मुरैना।** चंबल संभाग के कमिश्नर श्री रविन्द्र कुमार मिश्रा ने आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के माध्यम से जवाहर नवोदय विद्यालय श्योपुर में कक्षा 6वी के लिए सिलेक्ट हुयें एससी के 10 एवं एसटी के 02 छात्रो को कलेक्टर चेंबर में आज प्रमाण पत्र प्रदान किये। इस अवसर पर कलेक्टर श्री राकेश कुमार श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक श्री सम्पत उपाध्याय, सीईओ जिलां पंचायत श्री हर्ष सिहं, सहायक कलेक्टर श्री पवार नवजीवन विजय, अपर कलेक्टर श्री एसआर नायर एवं आदिम जाति कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त श्री एलआर मीना एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। आयुक्त चंबल संभाग श्री आरके मिश्रा ने इस अवसर पर कहा कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र जवाहर नवोदय विद्यालय की परीक्षा उत्तीर्ण कर कक्षा 6 में प्रवेश लेने जा रहे है। उन्होने कहा कि सभी छात्र मेहनत एवं परिश्रम कर आगे बढे। साथ ही पढ लिख कर उच्च से उच्च पदो पर आसीन हो। ऐसी मेरी सभी छात्रो को शुभकामनाएं है। उन्होने कहा कि एससी, एसटी वर्ग के होनहार छात्र पढ-लिखकर आईएस, आईपीएस, इजीनियर आदि की सेवाओं में अपनी पहचान बनावे। साथ ही अपने मा-बाप का नाम रोशन करते हुए जिला संभाग और प्रदेश का नाम ऊचा करे। ऐसी मेरी कामना है। कमिश्नर चंबल श्री आरके मिश्रा ने आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित विद्यार्थी कल्याण योजना के माध्यम से श्योपुर जिले के आदिम जाति बालक आश्रम बगवाज के छात्र बबलू पटेरिया पुत्र श्री कैलाश पटेरिया, शा.प्रा.वि. रजपुरा के अजय पुत्र श्री मुन्ना एवं संजना पुत्री श्री विनोद आदिवासी, शा.प्रा.वि गोवर्धा की अंजली पुत्री श्री पातीराम, शा.प्रा.वि. आम वाला सहराना के अर्जुन आदिवासी पुत्र श्री अरविन्द आदिवासी, आदिवासी बालक आश्रम बर्धाखुद के धर्म सिंह पुत्र श्री हरिओम, शा.प्रा.वि आवदा के गणेश आदिवासी पुत्र श्री रामलखन, शा.प्रावि कलारना की ममता पुत्री श्री सनीदयाल, शा.प्रा.वि गोवर्धा की पूनम आदिवासी पुत्री श्री प्रकाश आदिवासी, राजवीर चौहान पुत्र श्री दीपक कुमार चौहान एवं रंजना आदिवासी पुत्री श्री देवीसिहं आदिवासी, आदिवासी बालक आश्रम तिल्लीढेरा के मुकेश पुत्र श्री दयाराम आदिवासी को क्रमशः तीन-तीन हजार रूपयें की राशि प्रदान की।

### मप्र वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन व स्वदेश ग्रामोत्थान समिति के संयुक्त तत्वावधान में मास्क वितरण

## सार्वजनिक स्थानों पर तम्बाकू से बने पदार्थो का उपयोग न करें - कलेक्टर रोहित सिंह



ब्यूरो रिपोर्ट

**दतिया।** सार्वजनिक स्थानों को तम्बाकू मुक्त करने के उद्देश्य से संचालित अभियान के अंतर्गत तंबाकू नियंत्रण अधिनियम (कोटपा) के प्रभावी क्रियान्वयन के संदर्भ में समुदाय को जागरूक करने के उद्देश्य कोरोना महामारी में के काल में समुदाय को सामाजिक दूरी बनाए रखने, मास्क का इस्तेमाल करने हेतु प्रेरित करने के लिए मप्र वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन इंदौर, द यूनियन के निर्देशन में स्वदेश ग्रामोत्थान समिति के तत्वावधान तंबाकू से बने पदार्थों का सेवन ना करें संदेश के साथ मास्क वितरण शुभारंभ किया गया। संस्था द्वारा शुभारंभ में कलेक्टर श्री रोहित सिंह व अपर कलेक्टर श्री विवेक रघुवंशी को मास्क प्रदान किया। स्वयंसेवी संस्थाओं की पहल की कलेक्टर श्री सिंह ने सराहना करते हुए समुदाय से सार्वजनिक स्थानों पर तम्बाकू से बने उत्पादों का उपयोग न करने का संदेश दिया साथ ही मास्क का उपयोग करने का आव्हान किया ताकि हम सब कोरोना संक्रमण से बच सकें। अपर कलेक्टर श्री रघुवंशी ने तम्बाकू उत्पादों के उपयोग से स्वयं बचने व दूसरों को बचाने के प्रयास में सहभागी बनने की बात कहते हुए भीड़भाड़ वाले स्थानों पर न जाने की अपील की। संस्था संचालक रामजीशरण राय द्वारा बताया गया कि जिले अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां तंबाकू नियंत्रण कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आयोजित जा रहीं थी किंतु कोरोना महामारी के चलते परिस्थिति को दृष्टिगत रखते हुए अभी शिथिलता आयी है। जिले में जागरूकता गतिविधियां, कानून का उल्लंघन करने वालों पर चालानी कार्रवाई प्रभावित हुई है। शीघ्र हम उक्त गतिविधियों को पुनः गति प्रदान करने में जिला प्रशासन के मार्गदर्शन व सहयोग से सक्षम होंगे। अभियान में सरदारसिंह गुर्जर, अशोककुमार शाक्य, राजपाल सिंह परमार, दीक्षा लिटौरिया, पीयूष राय, अभय दाँगी, शैलेन्द्र सविता व बलवीर पाँचाल आदि का सहयोग सराहनीय है। उक्त जानकारी स्वदेश संस्था संचालक रामजीशरण राय ने दी।

## लहार थाना एस.आई आलोक तोमर बने सुरपुरा थाना प्रभारी

लहार(अर्पित गुप्ता)



लहार थाने में बिदाई समारोह सम्पन्न

लहार थाने में पदस्थ एस.आई आलोक तोमर अब थाना प्रभारी सुरपुरा की कमान सम्भालेंगे ओर इसी के चलते लहार थाने में थाना प्रभारी प्रेमकिशोर चतुर्वेदी ने एक बिदाई समारोह आयोजित किया थाना प्रभारी महोदय द्वारा एस.आई आलोक तोमर को सॉल एबम श्रीफल दिया और माल्यार्पण किया उन्होंने इस मौके पर कहा कि स्थानांतरण एक सतत प्रक्रिया है और तोमर सहाब लहार से थाना प्रभारी बनने के लिए सुरपुरा जा रहे है ये हम लोगो के लिए हर्ष का विषय है इस मौके पर नगर के समाज सेवी संजीव चौधरी कक्का ने तोमर सहाब को स्मृति चिन्ह भेंट किया एबम माल्यार्पण कर स्वागत किया इस मौके पर स्टाफ में उपस्थित समस्त अधिकारियों एबम आरक्षकों द्वारा एस.आई आलोक तोमर को माल्यार्पण किया और भावभीनी विदाई दी इस मौके पर तोमर सहाब भभुक हो गए और उन्होंने कहा कि रिश्ते हमेशा दिल के होते है और लहार बासियों ने जो प्यार और स्नेह दिया उसके लिए समस्त स्टाफ ओर लहार बासियों का सदैव आभारी रहूंगा इस मौके पर एच.सी.एम सन्तोष तिवारी,एस.आई मलखान सिंह,ए.एस.आई रविन्द्र सिंह सेंगर,एस.आई आदिल खान, प्रधान आरक्षक अशोक शर्मा,सुरेश झा,उग्रसेन गुर्जर,शैलेन्द्र सिंह,सुभास जाट,बिसाल भदौरिया,नरेंद्र यादव,राकेश,उदयभान तोमर,उत्तम चौधरी पत्रकार, टिंकू सिकरवार,प्रियांशु सेंगर एबम समस्त स्टाफ एबम समाजसेवी प्रमुख रूप से मौजूद रहा ।

## आर्ट ऑफ लिविंग ने इस बार नए स्वरूप में मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



THE ART OF LIVING

बिलासपुर में आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस इस बार नए स्वरूप में मनाया गया। कोरोना रोग के चलते छठे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर इस बार सार्वजनिक कार्यक्रम न करके इसे ऑनलाइन आयोजित किया गया। आर्ट ऑफ लिविंग की शिक्षिका एवं बिलासपुर प्रभारी रचना मेहता ने बताया कि सुबह 6 से 8 बजे ऑनलाइन सामान्य योग प्रोटोकॉल में बिलासपुर के साधकों ने निर्देशित योग प्रोटोकॉल के आधार पर योग किया। बाद में 11 बजे 11 दीपक जला कर सब साधकों ने 11 बार हनुमान चालीसा का सस्वर पाठ किया। इसके बाद सभी ने आर्ट ऑफ लिविंग के प्रणेता श्री श्री रविशंकर द्वारा करवाई गई वर्ल्ड मेडिटेशन में भाग लिया। इसमें 12 लाख लोगों ने भाग लिया। इसका सीधा प्रसारण यूट्यूब चैनल के माध्यम से लाइव भी दिखाया गया । इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण आयुष विभाग के फेसबुक पेज पर 21 जून को सुबह 7 से 8 बजे के बीच किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार कोरोना रोग के कारण इस बार अधिक लोगों का एक स्थान पर एकत्र होना उचित नहीं है। इसलिए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर अधिक लोगों को इकट्ठा करके किसी प्रकार का सार्वजनिक कार्यक्रम नहीं किया गया।

## कोविड-19 महामारी में बिलासपुर की सुव्यवस्था को बनाए रखने के लिये नगर सुधार समिति ने उपायुक्त को किया सम्मानित

अभिषेक मिश्रा राज्य ब्यूरो प्रमुख हिमाचल प्रदेश

बिलासपुर की प्रमुख समाजसेवी संस्था नगर सुधार समिति के पदाधिकारियों ने समिति अध्यक्ष दिनेश कुमार के नेतृत्व में जिलाधीश बिलासपुर राजेश्वर गोयल, पुलिस अधीक्षक दिवाकर शर्मा व नर्सिंग सुपरिटेंडेट शिष्टा गौतम को कोविड-19 महामारी के चलते बिलासपुर में अपनी निस्वार्थ भाव से सेवाएं प्रदान करने के लिये सम्मान-पत्र भेंट करके सम्मानित किया। प्रधान दिनेश कुमार ने कहा कि कोविड-19 लॉक डाऊन में जिलाधीश बिलासपुर व पुलिस अधीक्षक बिलासपुर ने बिलासपुर में उनके द्वारा चुस्त दुरूस्त कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भुलाया नहीं जा सकता उनके दिशा-निर्देशों व कुशल नेतृत्व में ही कोरोना महामारी बिलासपुर में पैर नहीं पसार पाई है इसका श्रेय जिलाधीश, एस.पी. , व तमाम प्रशासनिक स्टाफ को जाता है। उन्होंने कहा कि स्थानीय अस्पताल में सफाई कर्मियों, मिडवाईफरी नर्सों व वार्ड सिस्टरों व पूरे स्टाफ तथा बिलासपुर की समस्त समाजसेवी संस्थाओं व मीडिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा है जिसके लिए उन्होंने सी.एम.ओ. बिलासपुर व नर्सिंग स्टाफ की अधीक्षक शिष्टा गौतम को भी सम्मान-पत्र भेंट किया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी जो अधिकारी व कर्मचारी ऐसे ही समाज के प्रति ईमानदारी से अपना कर्तव्य निभाते रहेंगे तो हमारी संस्था उनको सम्मानित करती रहेगी। नगर सुधार समिति के स्थानीय समाज सेवी संस्था कहलूर विकास सेवा संस्थान बिलासपुर व व्यास रक्तदाता समिति के अध्यक्षों सन्नी कुमार व कर्ण चन्देल को भी सम्मान-पत्र भेंट करके सम्मानित किया। नगर सुधार समिति के सभी पदाधिकरियों ने सभी सम्मानित व्यक्तियों के भविष्य की मंगल कामना भी की है। इस मौके पर संस्था के महासचिव राजेन्द्र गौतम, उपाध्यक्ष संजीव ढिल्लो, प्रेस सचिव तनुज सोनी, सचिव भुवनेश्वरी लुम्बा, प्रवक्ता मंजीतकौर, दीपराज शर्मा, नरेश सोनी, नसीम मुहम्मद, लाल सिंह चौहान, देवेन्द्र सिंह, दीपराज शर्मा, धनीराम सोंखला भी मौजूद थे।



## 90 लोगों ने किया रक्तदान



आयुर्वेदिक अस्पताल में व्यापार मंडल–देवभूमि ब्लड डोनर्स ने लगाया रक्तदान शिविर

अभिषेक मिश्रा हिमाचल प्रदेश

चांदपुर-जिला बिलासपुर के कंदरौर में स्थित आयुर्वेदिक अस्पताल में व्यापार मंडल व देवभूमि ब्लड डोनर्स के संयुक्त तत्त्वावधान में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। गलवान घाटी में शहीद हुए भारतीय सैनिकों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए थैलेसीमिया अथवा अन्य मरीजों के लिए अस्पताल में रक्त की कमी दूर करने के उद्देश्य से लगाए गए इस रक्तदान शिविर में करीब 90 ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। वहीं, शिविर में पुरूषों के साथ-साथ 38 वर्षीय तारा देवी पत्नी गुलाबा राम निवासी देलग ने भी रक्तदान कर अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। रक्तदान शिविर में बिलासपुर अस्पताल की ब्लड बैंक की टीम ने अपनी सेवाएं दीं। एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डा. नितिश मित्तल की अगवाई में स्टाफ नर्स (ब्लड बैंक) भावना ठाकुर, सीनियर लैब तकनीशियन श्याम लाल बंसल, कमल किशोर मेहता, श्याम लाल व राजेश आदि ने अपनी सेवाएं दी। वहीं, कोरोना के खतरे को देखते हुए रक्तदान करने पहुंचे हर व्यक्ति की मेडिकल स्क्रीनिंग की गई। सोशल डिस्टेंसिंग का भी पूरा ध्यान रखा गया। इस मौके पर व्यापार मंडल कंदरौर के अध्यक्ष हेमंत शर्मा, देवभूमि ब्लड डोनर्स संस्था के अध्यक्ष राहुल शर्मा व व्यास रक्तदाता समिति के अध्यक्ष कर्ण चंदेल सहित कई समाजसेवी उपस्थित रहे।

## करधेन तालाब पर अतिक्रमण की शिकायत पर सीमांकन करने पहुचा राजस्व अमला

दबोह(मोहित गोस्वामी)



भिण्ड जिले के दबोह नगर में ऐतिहासिक करधेन तालाब अपनी दुर्दशा पर आँशु बहा रहा है।जिसको लेकर नगर ने समाजसेवियों द्वारा शिकायत में बताया गया था कि भिण्ड जिले की दूसरे नंबर में व्यापक क्षेत्र में फैला तालाब करधेन तालाब रकबा नम्बर 813 पर दर्ज है जमीन के नक्से के हिसाब से तालाब 13 हैक्टेयर के क्षेत्र मे फैला हुआ है मगर लोग तालाब की जमीन को जोतकर फसल उगा रहे है जिससे तालाब का आकार दिनों दिन छोटा होता चला जा रहा है तालाब पर अतिक्रमण की शिकायत जिला प्रशासन से कई बार की जा चुकी है लेकिन कोई भी अधिकारी रसूबेदारो का अतिक्रमण हटाने के लिए तैयार नही है करधेन तालाब के जीड़ उद्धार के लिए बीते वर्ष 87 लाख रुपये स्वीकृत किये थे मगर जीड़ उद्धार के नाम पर लीपा पोती की गई महज 100 मीटर ही मेड बांधने के कार्य किया गया शेष कार्य अधूरा पड़ा है।जिसकी शिकायत नगर के समाज सेवियों द्वारा जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से की वर्तमान में दुर्भाग्य की बात यह है कि यह तालाब सिंचाई विभाग के अधिकृत में है पूर्व में इस तालाब को नगर परिषद को सौंप दिया गया था मगर पुनः फिर सिंचाई विभाग को करधेन तालाब की जिम्मेदारी सौंप दी गई सिंचाई विभाग का हैड ऑफिस दतिया मुख्यालय होने से अधिकारियों का इस तालाब की ओर ध्यान आकर्षण नही रहता है समाज सेवी शिकायत के लिए हेड ऑफिस दतिया नही पहुच पाते है और तालाब पर लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है।

### इनका कहना

1-करधेन तालाब की सरकारी जमीन का सीमांकन किया जा रहा है वर्तमान मे तालाब मे 30 ? कार्य हो चुका है जिसमे बैक रेजिंग,रिपेरिग,1वर्ष पहले सफाई आदि का कार्य हुआ है।

**शिवचरण माहौर**
**सब इंजीनियर**

2-रकबा नम्बर 813 करधेन तालाब में अपनी राजस्व की टीम सहित सीमांकन कर रहे है।।

**मुन्नालाल जमौरिया**
**राजस्व निरीक्षक**
**दबोह**

# गरीबों को सस्ती बिजली देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

## मुख्यमंत्री चौहान ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से 10 लाख से अधिक बिजली उपभोक्ताओं को संबोधित किया




**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि गरीबों एवं निम्न आय वर्ग के उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली दिलवाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। कोरोना काल में सरकार बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दे रही है। प्रदेश के लगभग 95 लाख बिजली उपभोक्ताओं को 623 करोड़ रूपये का लाभ दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने भोपाल से वेब लिंकिंग के माध्यम से प्रदेश के 10 लाख से अधिक घरेलू, कृषि, उद्योग बिजली उपभोक्ताओं को संबोधित किया साथ ही वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कुछ उपभोक्ताओं से बातचीत की। इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, प्रमुख सचिव श्री संजय दुबे, सचिव श्री आकाश त्रिपाठी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मार्च 2020 के ऐसे उपभोक्ता जो संबल योजना में शामिल हैं, जिनके बिल अप्रैल माह में 100 रूपये तक आये हैं, उन उपभोक्ताओं को आगामी 3 माहों में 100 रूपये तक बिल आने पर 50 रूपये ही बिल का भुगतान करना होगा। इस व्यवस्था के अंतर्गत लगभग 30 लाख 68 हजार उपभोक्ता लाभान्वित होंगे तथा लगभग 46 करोड़ रूपये की राशि का लाभ उपभोक्ताओं को मिल सकेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि ऐसे उपभोक्ता जिन्हें माह अप्रैल में 100 रूपये का बिल आया था किन्तु माह मई, जून एवं जुलाई में 100 से 400 रूपये के मध्य बिल आया है तो मात्र 100 रूपये ही बिल का भुगतान करना होगा। इस तरह लगभग 56 लाख उपभोक्ताओं को लगभग 255 करोड़ रूपये की राहत उपलब्ध करायी जायेगी। ऐसे उपभोक्ता जिनका बिल अप्रैल माह में 100 से 400 रूपये के मध्य आया था तथा माह मई, जून एवं जुलाई में 400 रूपये से अधिक आता है तो, ऐसे उपभोक्ता को बिल की आधी राशि का भुगतान करना होगा। शेष राशि के भुगतान के संबंध में बिलों की जाँच करने के उपरांत आगामी निर्णय लिया जायेगा। इसमें भी लगभग 183 करोड़ रूपये का लाभ उपभोक्ताओं को मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि लॉकडाउन के समय में जब आप सभी लोग अपने घरों में थे, तब हमारे बिजली विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों ने लगातार बिना रूके आपके घरों में बिजली सप्लाई चालू रखी। आंधी बारिश के समय भी सभी विद्युतकर्मी आपकी सेवा में तत्पर हैं। वाकई ये हमारे कोरोना योद्धा है। इनका कार्य प्रशंसनीय है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सरकार प्रदेश में कृषि कार्य के लिए 10 घंटे एवं घरेलू उपभोक्ताओं को 24 घंटे बिजली उपलब्ध करा रही है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने वी.सी. के माध्यम से अनूपपुर जिले के अनूपपुर वितरण केन्द्र के घरेलू उपभोक्ता श्री मनीष पनिका, सागर जिले के सुरखी वितरण केन्द्र के घरेलू उपभोक्ता श्री नर्मदा सिंह ठाकुर, ग्वालियर शहर के लक्ष्मीगंज वितरण केन्द्र की घरेलू उपभोक्ता श्रीमती अनिता कुशवाह, अशोकनगर जिले के अशोकनगर वितरण केन्द्र के घरेलू उपभोक्ता श्री नारायण सिंह, मुरैना जिले के जौरा वितरण केन्द्र के घरेलू उपभोक्ता श्री संतोष यादव, धार जिले के कानवन वितरण केन्द्र के घरेलू उपभोक्ता श्री कपिल रामेश्वर, मंदसौर जिले के सुवासरा वितरण केन्द्र के घरेलू उपभोक्ता श्री नंदलाल प्रभुलाल, इंदौर जिले के धरमपुरी वितरण केन्द्र के उद्योग उपभोक्ता श्री अनिल जैन आदि से बातचीत की। सभी ने बिजली बिलों में राहत देने पर मुख्यमंत्री को हार्दिक धन्यवाद दिया।

### अब 1962 वाला भारत नहीं है

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अब 1962 वाला भारत नहीं है। चीन की दादागिरी अब नहीं चलेगी। भारत ने चीन को मुंहतोड़ जवाब दिया है। श्री चौहान ने अपील की कि चीन का सामान कोई न खरीदे।

## डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनायेगी भाजपा



श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाने का आव्हान किया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद


**भोपाल ।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक, राष्ट्रवादी चिंतक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर 23 जून को भारतीय जनता पार्टी प्रदेश के 1059 मंडलों के 64500 बूथों पर बलिदान दिवस के कार्यक्रम आयोजित करेगी। बूथ स्तर पर गोष्ठियों का आयोजन होगा, जिसमें कार्यकर्ता डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी का पुण्य स्मरण करेंगे। भाजपा प्रदेश कार्यालय में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान और प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा प्रात: 9.30 बजे डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके जीवनवृत्त पर केंद्रित चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने पार्टी कार्यकर्ताओं से डॉ. विष्णुदत्त शर्मा ने बताया कि मंडलों में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से डॉ. मुखर्जी के विचार, त्याग एवं बलिदान पर केंद्रित गोष्ठियां होंगी। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान एवं प्रदेश संगठन महामंत्री सुहास भगत मंगलवार को सुबह 9.30 बजे भाजपा प्रदेश कार्यालय पं. दीनदयाल परिसर के समीप स्थित डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। माल्यार्पण के पश्चात् सभी नेतागण प्रदेश कार्यालय में डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के जीवनवृत्त पर तैयार की गई चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे, जिसके साथ ही प्रदेश भर में कार्यक्रम की शुरूआत होगी। प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने कश्मीर में 'दो विधान, दो प्रधान नहीं चलेंगे' का न सिर्फ नारा दिया, बल्कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग रहे, इसके लिए प्राणों की आहूति भी दी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आव्हान करते हुए कहा कि डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस हमारे लिए विशेष महत्व रखता है कि क्योंकि डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने जिस धारा-370 को खत्म करने का संकल्प लिया था, उस संकल्प को पूरा करने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री श्री अमित शाह ने दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ किया है। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों में कार्यकर्ता सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें।

### सड़क हादसे में पांच मौतों पर प्रदेश अध्यक्ष ने जताया दुख

**भोपाल।** राजगढ़ के समीप नेशनल हाइवे पर सोमवार सुबह हुई दुर्घटना में पांच लोगों की मौत पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं संगठन महामंत्री सुहास भगत ने शोक व्यक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा है कि हादसे में पांच लोगों का असमय काल कवलित हो जाना दुखद है। उन्होंने कहा कि मैं मृतकों की आत्मिक शांति की कामना करता हूं, साथ ही ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वह मृतकों के परिजनों को इस गहन दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

- घरेलू उपभोक्ताओं के 484 करोड़ के बिलों का भार सरकार उठाएगी, 95 लाख परिवारों को 600 करोड़ का लाभ

## 95 लाख बिजली उपभोक्ताओं बिजली बिल हुआ आधा



**भोपाल ।** मध्यप्रदेश की शिवराज सरकार ने घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को बड़ा तोहफा दिया है। शिवराज सरकार ने कोरोना काल में आए बड़े बड़े बिजली बिलों को आधा कर प्रदेश के 95 लाख उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार की शाम प्रदेश के घरेलू बिजली उपभोक्ताओं से संवाद किया। संवाद के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कोरोना संकट के समय में घर पर रहने से लोगों के बिजली के बिल बड़े-बड़े आए हैं लेकिन लोगों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने बताया कि अप्रैल में 100 रुपए तक का बिजली भरने वाले उपभोक्ताओं को मई, जून, जुलाई सिर्फ 50 रुपए ही भरना होगा। इसके अलावा 100 से 400 रुपए तक के बिजली बिल वालों से 100 रुपए ही लिए जाएंगे। 400 रुपए से ज्यादा बिजली बिल वालों को आधा ही बिल भरना होगा। शिवराज ने 10 से अधिक आम उपभोक्ताओं से वीडियो के माध्यम से बात भी की। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि इस योजना से मध्यप्रदेश में 56 लाख बिजली उपभोक्ताओं को सिर्फ 50 रुपए भरना होगा। सभी तरह से प्रदेश में कुल 95 लाख उपभोक्ताओं को सीधे लाभ मिलेगा। यह करीब 600 करोड़ रुपए है। यह पैसे घरेलू उपभोक्ताओं के बदले सरकार खुद बिजली कंपनी के खाते में सब्सिडी के रूप में जमा करेगी। यह योजना सभी घरेलू उपभोक्ताओं के लिए है। शेष बिलों के संबंध में जांच के बाद निर्णय लिया जाएगा शिवराज ने कहा कि कोरोना के कारण लोगों को घर में रहना पड़ा है। इससे लोगों के घरों में बिजली का उपयोग ज्यादा करना पड़ा। जानकारी मिलने के बाद हमने इसकी जांच भी करवाई। इसके बाद ही सभी घरेलू उपभोक्ताओं को लाभ देने के लिए यह निर्णय लिया गया है। कमर्शियल उपभोक्ता छह किस्तों में राशि जमा करवा सकते हैं। लॉकडाउन के दौरान भी बिजली कंपनी के कर्मचारियों ने मेहनत करके काम को जारी रखा और सप्लाई जारी रखी। बारिश के कारण कहीं-कहीं बिजली कट हो जाती है। हम 24 घंटे घर तक बिजली पहुंचाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। यह सरकार गरीबों की है। परिवार की व्यवस्थाएं ठीक बनी रही। कोरोना काल में भी कोई दिक्कत न आए। सभी गरीब लोगों को बिना राशन कार्ड के भी राशन दिया जा रहा है।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन हुआ

**भोपाल।** कोविड-19 महामारी के दौरान इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल के अधिकारियों/कर्मचारियों ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ऑनलाइन माध्यम से माननीय केन्द्रीय राज्य मंत्री, पर्यटन एवं संस्कृति, भारत सरकार, श्री प्रहलाद सिंह पटेल के मार्गदर्शन में अपने-अपने घरों में योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास किया एवं उक्त अभ्यास की छायाचित्रों एवं विडियों क्लिप को संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली को प्रेषित किया।

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य ब्रॉडबैंड समिति का गठन

**भोपाल ।** भारत सरकार, संचार मंत्रालय, दूर संचार विभाग के निर्देशानुसार राज्य में नेशनल ब्रॉडबैंड मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन की निगरानी एवं मूल्यांकन के लिए राज्य शासन द्वारा मुख्य सचिव की अध्यक्षता में ब्रॉडबैंड समिति का गठन किया है। यह समिति स्थाई स्वरूप की होगी। समिति प्रदेश में नेशनल ब्रॉडबैंड मिशन के लक्ष्यों की पूर्ति के लिए गवर्निंग काऊंसिल या स्टेयरिंग कमेटी के अनुरोध पर आवश्यक सुझाव एवं सहयोग प्रदान करेगी। समिति गवर्निंग काऊंसिल या स्टेयरिंग कमेटी द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के क्रियान्वयन में राज्य के सामाजिक एवं अर्थिक विकास के लिए ब्रॉडबैंड सेवा के विस्तार, ब्रॉडबैंड रेडीनेस के समस्त विषयों पर कार्य एवं राज्य में अभियान के क्रियान्वयन की निगरानी एवं मूल्यांकन करेगी। समिति प्रत्येक तीन माह में बैठक का आयोजन एवं आवश्यकतानुसार बैठक में विभागों के अधिकारी/विशेषज्ञ को बैठक में आमंत्रित करेगी। समिति में प्रमुख सचिव/सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, प्रमुख सचिव/सचिव नगरीय विकास एवं आवास, प्रमुख सचिव/सचिव वन, प्रमुख सचिव/सचिव पर्यावरण, प्रमुख सचिव/सचिव लोक निर्माण, प्रमुख स चि व / स चि व राजस्व,सलाहकार/वरिष्ठ उप महानिदेशक दूर संचार विभाग समिति में सदस्य सचिव होगें। मुख्य महाप्रबंधक, भारत संचार निगम लिमिटेड., मुख्य महाप्रबंधक, भारत ब्रॉडबैंड निगम लिमिटेड., श्री रामकृष्ण पी., सेल्यूलर ऑपरेशन एसोसियेशन ऑफ इंडिया प्रतिनिधि और श्री टी.आर.दुवा, महानिदेशक, टॉवर एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोवाईडर्स एसोसियेशनप्रतिनिधि विशेष आमंत्रित सदस्य होगें।

## पेट्रोल-डीजल के दामों में निरंतर हो रही वृद्धि के विरोध में कांग्रेस

**भोपाल।** दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश के आम नागरिक कोरोना महामारी और लॉकडाउन की वजह से भीषणतम आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहे हैं और मोदी सरकार पेट्रोल-डीजल के भाव बढ़ाकर देश के नागरिकों को महंगाई के आग में झोंक रही है। इस पर मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने गहरी चिंता व्यक्त की है। मोदी सरकार ने पिछले 16 दिनों में पेट्रोल में 9.60 रूपये और डीजल की कीमतों में 10.06 रूपये की वृद्धि की है, 6 जून को पेट्रोल 77.56 रूपये प्रतिलीटर था जिसे 22 जून, 2020 को 87.16 रूपये कर दिया गया तथा डीजल इसी दौरान 68.27 रूपये प्रति लीटर था उसे 78.33 रूपये प्रति लीटर कर दिया गया। मोदी सरकार जब सत्ता में आयी थी तो पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुक्ल केवल 19.20 रूपये प्रति लीटर और 3.16 रूपये प्रतिलीटर था, पिछले छह साल में लगभग 24 रूपये डीजल पर और 29 रूपये प्रतिलीटर उत्पाद शुक्ल में बढोत्तरी की, जो यूपीए सरकार की तुलना में क्रमश: 258 और 820 प्रतिशत ज्यादा है। इन छह वर्षों के दौरान मोदी सरकार ने लगभग 18 लाख करोड़ रूपये जनता की जेब से निकाल लिये है। मध्यप्रदेश में पेट्रोल 1 जून को 77.56 रूपये और डीजल 68.27 प्रति लीटर मिल रहा था। वहीं आज पेट्रोल 87.16 रूपये और डीजल 78.33 रूपये प्रति लीटर में मिल रहा है। 22 जून,2020 तक 16 दिन में पेट्रोल पर 8.30 रूपये और डीजल के दामों में 9.46 रूपये प्रतिलीटर की बढोत्तरी कर जनता के जेब पर डांका डाला जा रहा है। कांग्रेस इस बढोत्तरी के विरोध में पूरे प्रदेश में जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन कर केंद्र और प्रदेश सरकार से इस बढोत्तरी को वापस लिये जाने की मांग करेगी।

## आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ता मध्यप्रदेश

### श्रम सिद्धि अभियानः रोजगार की दिशा में अभिनव पहल




भोपाल । लॉकडाउन के दौरान मध्यप्रदेश वापस लौटे श्रमिकों के लिये शासन की श्रम सिद्धि योजना लाभदायक साबित हो रही है। अपने ही गाँव में रोजगार मिल जाने से श्रमिकों का जीवन आसान हुआ है। सरकार ने उन परिवारों की भी चिंता की है, जिसके पास मनरेगा के जॉब कार्ड नहीं थे, उन्हें भी श्रम सिद्धि अभियान से जोड़कर जॉबकार्ड बनाकर रोजगार दिया जा रहा है। प्रदेश के सभी जिलों में मनरेगा अंतर्गत 20 अप्रैल से अभी तक श्रमिकों को पर्याप्त संख्या में रोजगार देने के प्रयास किए गए हैं। प्रदेश सरकार द्वारा मनरेगा के तहत रोजगार सेतु एप में पंजीयन कराने से अपने गाँव लौटे मजदूरों को अपनी ग्राम पंचायत में ही रोजगार मिलने लगा है। प्रदेश की 22 हजार 219 ग्राम पंचायतों में एक लाख 91 हजार 299 कार्य चल रहे हैं। इनमें 23 लाख 4 हजार 588 मजदूरों को 1224 करोड़ 18 लाख की राशि का भुगतान किया जा चुका है। ऐसा ही एक जिला बैतूल जहाँ अभी तक 4323 नए जॉब कार्ड बनाए जाकर 24164 नए श्रमिकों को मनरेगा के कार्यों से जोड़ा गया। जिसके तहत 22.86 लाख मानव दिवस सृजित किए जाकर श्रमिकों को मजदूरी के रूप में 39.65 लाख रूपए राशि का भुगतान किया गया। मध्यप्रदेश डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत बैतूल जिले में 311 नए स्व-सहायता समूहों का गठन किया गया है। लॉकडाउन के दौरान स्व-सहायता समूहों द्वारा कुल 3 लाख 46 हजार 708 मास्क निर्मित किए जाकर कुल 3 लाख 38 हजार 510 मास्क का विक्रय किया गया। इसके साथ ही स्व-सहायता समूहों द्वारा कुल 1430 लीटर सेनेटाइजर भी तैयार कर विक्रय किया गया, जिससे स्व-सहायता समूहों को आर्थिक स्वावलंबन प्राप्त करने में सहायता मिली है। स्व सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को स्व-रोजगार के बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बैतूल के दो विकासखण्डों मुलताई एवं बैतूल में नए आधुनिक सिलाई सेंटरों की स्थापना भी की गई है, जिनमें गणवेश सिलाई का कार्य कराया जाएगा। स्व-सहायता समूहों द्वारा लॉक डाउन अवधि में शासन से प्राप्त अनुमति के पश्चात् चलित किराना दुकान के माध्यम से उचित दर पर लोगों के घर पहुंच कर किराना एवं सब्जी का विक्रय भी किया गया है। बैतूल जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वर्ष 2019-20 के लिए प्राप्त 8 हजार आवासों के लक्ष्य के विरूद्ध 7617 आवासों का निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जा चुका है। आवासों के लिये स्वीकृत राशि की प्रथम किश्त सिंगल क्लिक के माध्यम से हितग्राहियों के खातों में अंतरित की जा चुकी है।


संपादकीए

# चीन में अकाल से 4 करोड़ लोगों की मौत

1962 में चीन ने भारत पर हमला किया था इस हमले का मुख्य कारण भारत द्वारा तिब्बत के धर्मगुरु दलाई लामा को 1959 में भारत में शरण दी थी इसके बाद से चीन और भारत के बीच में लगातार तनाव बढ़ता रहा चीन की सरकार तिब्बत में कब्जा करने के लिए दलाई लामा को कमजोर करना चाहती थी। तिब्बत को हथियाने के लिए चीन की सरकार ने 60 बौद्ध लामाओं को विशेष प्रशिक्षण देकर दलाई लामा के सामने खड़ा किया था धार्मिक गुरु चुनने की प्रक्रिया में चीन लगातार अपना दबाव बना रहा था चीन के लगातार सैन्य बल का प्रयोग करने से दलाई लामा को 1959 में तिब्बत छोड़कर भागना पड़ा । दलाई लामा ने भारत में आकर शरण ली। 1842 में ब्रिटेन ने तिब्बत को जम्मू कश्मीर का हिस्सा घोषित किया था उस समय तिब्बत जाने के लिए चीन के लोगों को हिंदुस्तान से होकर जाना पड़ता था । स्वतंत्रता के पश्चात जम्मू कश्मीर का विलय भारत में हो जाने के कारण तिब्बत भी भारत का अंग बन गया था । लेकिन चीन और भारत के बीच में मैक मोहन रेखा को अंतर्राष्ट्रीय सीमा मान्य करने को लेकर तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और चीन के नेता माओ त्से तुंग और चाउएनलाई के बीच हमेशा तिब्बत को लेकर विवाद बना रहा। 1950 में जब चीन ने तिब्बत पर कब्जा किया तब जापान इंडोनेशिया और श्रीलंका ने भी चीन का विरोध किया था। उस समय भारत विभाजन के बाद को परेशानियों से गुजर रहा था। जिसके कारण उसने चीन का विरोध नहीं किया। तिब्बत में दलाई लामा की मदद भी नहीं की। 1962 में चीन सरकार की गलत नीतियों और अकाल के कारण चीनी शासकों के खिलाफ चीन में विद्रोह की स्थिति बन गई थी। अकाल और भुखमरी के कारण लगभग 4 करोड़ लोगों की मौत चीन में हुई थी । चीनी शासकों ने इस स्थिति में भारत के ऊपर हमला करके आंतरिक विद्रोह को काबू में करने का काम किया। चीन के शासकों ने अपनी सत्ता को बचाए रखने के लिए भारत के खिलाफ तिब्बत और दलाई लामा को शरण देने को वजह बनाते हुए भारत पर हमला किया था । सबसे खास बात यह थी भारत और चीन के बीच उस समय तक संबंधों में युद्द जैसा तनाव नहीं था। चीन में करोड़ों लोगों की मौत भुखमरी के कारण हो जाने से चीन ने अपनी सत्ता बचाए रखने के लिए भारत में हमला किया था।

# धारा 370 को समाप्त करने के पक्षधर थे डॉ. मुखर्जी

पुण्यतिथियां तो अनेकों महापुरूषो की मनायी जाती है और आगे भी मनायी जाती रहेगी। वे पुण्यात्मा बहुत भाग्यशाली होते हैं, जिनके समर्थक या विचारधारा पर चलने वाले उनके 卐बलिदान卐 को अपने प्रयासों से उसे सार्थक कर दुनिया के सामने इतिहास रचते हैं। 23 जून को डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि है। यह पुण्यतिथि असामान्य और असाधारण कहा जाएगा। अखण्ड भारत के लिए डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने कहा था कि भारत में यानि एक देश में 'दो निशान, दो विधान एवं दो प्रधान' नहीं चलेंगे। उन्होने भारतीय संसद में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू को कहा था कि 'या तो मैं संविधान की रक्षा करूंगा नही तो अपने प्राण दे दूंगा'। हुआ भी यही। डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी परमिट बिना जम्मू-कश्मीर गए। उन्हे शेख अब्दुल्ला की सरकार ने गिरफ्तार किया। उन्होने कहा मैं इस देश का सांसद हूँ। मुझे अपने देश में ही कहीं जाने से आप कैसे रोक सकते हैं। उन्हे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के कुछ ही दिनों बाद उन्हें मृत घोषित किया गया। वे अखंड भारत के लिए बलिदान देने वाले पहले भारतीय थे, जो जनसंघ के अध्यक्ष के रूप में वहां गए थे। 23 जून के उसी बलिदान दिवस को भारतीय जनसंघ और अब भाजपा पुण्यतिथि के रूप में मनाती है। भारतीय जनसंघ से लेकर भाजपा के प्रत्येक घोषणा पत्र में अपने बलिदानी नेता डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के इस घोष वाक्य को, कि हम संविधान की अस्थायी धारा 370 को समाप्त करेंगे, सदैव लिखा जाता रहा। समय आया तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जो स्वयं डॉ. मुरली मनोहर जोशी के साथ भारत की यात्रा करते हुए श्रीनगर के लाल चौक पर तिरंगा फहराया था, और गृहमंत्री अमित शाह ने 5 अगस्त 2019 को धारा 370 को राष्ट्रहित में समाप्त करनें के निर्णय को दोनों सदनों से पारित कर डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी द्वारा मां भारती के लिए जीवन देनें को सच्ची श्रद्धांजली दी। वे महापुरूष बहुत भाग्यशाली होते हैं, जिनकी आने वाली पीढ़ी अपने पूर्वजों के मां भारती के लिए कही गई बातों को साकार करते हैं। सच में डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी भाग्यशाली हैं कि उनके विचार के संवाहक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह सहित पूरे मंत्रीमंडल ने धारा 370 को समाप्त कर दुनिया को बता दिया । जहां हुए बलिदान मुखर्जी, वो कश्मीर हमारा है, जो कश्मीर हमारा है, वह सारा का सारा है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक ऐसे धर्मनिष्ठ, न्यायप्रिय और राष्ट्रभक्त माता-पिता की संतान थे जिनकी प्रसिद्धि न केवल बंगाल बल्कि सम्पूर्ण भारत में थी। धर्म एवं संस्कृति के प्रति आदर तथा राष्ट्रीयता की प्रेरणा उन्हें अपने माता-पिता से मिली थी। अपनी मां योगमाया देवी से धार्मिक एवं ऐतिहासिक कथाएं सुन-सुनकर जहां देश और संस्कृति की जानकारी प्राप्त की, वहीं अपने पिता आशुतोष मुख़र्जी के साथ बैठकर राष्ट्रभक्ति की शिक्षा को आत्मसात किया। आत्मबोध की दिशा में दृढ़ता के साथ आगे बढ़ते हुए श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने शिक्षा, राजनीति, समाज-संस्कृति सभी क्षेत्रों में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। 1929 में बंगाल विधान परिषद के सदस्य बने, 1934 से 1938 तक कलकत्ता विश्वविद्यालय के सबसे कम उम्र के उप-कुलपति रहे, अखिल भारतीय हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी निर्वाचित हुए, बंगाल प्रांत के वित्त मंत्री रहे, महाबोधि सोसाइटी एवं रॉयल एशियाटिक सोसाइटी के अध्यक्ष रहे, संविधान सभा के सदस्य बने, स्वतंत्र भारत के पहले मंत्रिमंडल में मंत्री बने, 1952 के पहले आम चुनाव में दक्षिण कलकत्ता संसदीय क्षेत्र से लोकसभा सांसद भी बने। लेकिन राष्ट्रपुरुष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संकल्प था कि भारत एक मजबूत एकीकृत राष्ट्र बने और इस अभियान को सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। आप तनिक चिंतन करें, पहले भारत के नेता कैसे होते थे उसका अनुपम उदाहरण भारतीय राजनीति में डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी हैं। मां भारती के सच्चे सपूत ने विभाजन का विरोध किया



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारत का विभाजन नहीं होने देना चाहते थे। इसके लिए वे महात्मा गांधी के पास भी गये थे। परंतु गांधीजी का कहना था कि कांग्रेस के लोग उनकी बात सुनते ही नहीं। जवाहर लाल नेहरू भी विभाजन के पक्ष में थे। जब देश का विभाजन अनिवार्य जैसा हो गया, डॉ. मुखर्जी ने यह सुनिश्चित करने का बीड़ा उठाया कि बंगाल के हिंदुओं के हितों की उपेक्षा न हो। उन्होंने बंगाल के विभाजन के लिए जोरदार प्रयास किया, जिससे मुस्लिम लीग का पूरा प्रांत हड़पने का मंसूबा सफल नहीं हो सका। उनके प्रयत्नों से हिंदुओं के हितों की रक्षा तो हुई ही कलकत्ता बंदरगाह भी पूर्वी पाकिस्तान (वर्तमान बांग्लादेश) को सौंपे जाने से बच गया। पूर्वी पाकिस्तान से विस्थापित होकर भारत आ रहे हिंदुओं की दुर्दशा से वे विचलित थे। उन्होंने विस्थापितों के बीच रहकर उनको लाभान्वित करने वाली योजनाओं की पहल की। नेहरू द्वारा विस्थापितों के प्रति उपेक्षा और राष्ट्र हितों के प्रति प्रतिबद्धता के कारण उन्होंने अंतत: 8 अप्रैल 1950 को नेहरू मंत्रिमंडल से त्यागपत्र दे दिया, जिसमें वे 1947 में गांधीजी के निमंत्रण पर शामिल हुए थे। डॉ. मुखर्जी ने अनुभव किया कि नेहरू पाकिस्तान सरकार के प्रति बहुत ज्यादा नरम रवैया रखे हुए हैं और उनमें पश्चिमी (वर्तमान पाकिस्तान) और पूर्वी पाकिस्तान(वर्तमान बांग्लादेश) में छूट गए हिंदुओं के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने का कोई साहस नहीं है। उनका स्पष्ट मानना था कि नेहरू-लियाकत समझौता निर्थक था क्योकि इसमें भारत सरकार पर तो अल्पसंख्यकों के हितों की सुरक्षा की जिम्मेदारी डाली गई थी, लेकिन पाकिस्तान की ओर से ऐसे ही आचरण की कोई पहल नहीं की गई थी। त्यागपत्र देने के बाद डॉ. मुखर्जी ने संसद में प्रतिपक्ष की भूमिका निभाने का निश्चय किया।

## सरसी छंद आधारित गीत

नव जीवन पाया माता से,अरु पितु से पहचान ।
नहीं किताबों से मिलता,जो सीखा उनसे ज्ञान ।।
माँ दुलार की नदी पिता के,सँग आमोद-प्रमोद,
संस्कार का दीप जलाया,हुआ सत्य का बोध ।
क्षमा,दया के बीज भरे उर ,संघर्षों की खाद,
नैतिक गुण के पुष्प खिलाकर,शूल हरे अवसाद ।
प्रश्न सभी हल करते धर कर ,अधरों पर मुस्कान ।
नहीं किताबों से मिलता,जो सीखा उनसे ज्ञान ।। 1।।

व्यथा छुपाए रहे बनाया,खुशियों का हकदार ,
अपनी गोद बिठाकर अतुलित,रहे लुटाते प्यार ।
बिगड़े नहीं अकारण हम पर ,नहीं दिखाते रोष ,
कार्य,कुशल,कर्तव्य परायण,भरा हृदय में जोश ।
बनकर गुरु,अरु मित्र दिया है,जीवन का संज्ञान ।
नहीं किताबों से मिलता,जो सीखा उनसे ज्ञान ।।2।।

आशीषों की छांव तले,भरते जीवन मे रंग ,
जो तत्पर परिवार हेतु हो,वो अभिन्न हैं अंग ।
रक्त शिराओं में पितु का है,थाह,अथाह अनन्त ,
पिता समक्ष नई इच्छाओं ,का कब होता अंत ।
मात-पिता हैं रूप ईश का,दो हृद में स्थान ।
नहीं किताबों से मिलता,जो सीखा उनसे ज्ञान ।।3।।



रीना गोयल
( सरस्वती नगर) हरियाणा

## मेरे पापा

जमीं से उठाकर आसमा पर मुझे बिठाया है
मेरे पापा ने हर खिलौना मुझे दिलाया है
अपने हाथो से मेरे नन्हे हाथों को पकड़कर
मुझे दुनिया के सामने खड़ा होना सिखाया है
मेरे पापा ने हर खिलौना मुझे दिलाया है
बड़ो का मान छोटो को प्यार करना सिखाया है
हर मुश्किल का सामना डंटकर खड़े रहकर करना सिखाया है
मेरे पापा ने हर खिलौना मुझे दिलाया है
हर अच्छे बुरे की परख करना सिखाया है
चल पड़ा मैं सड़क पर पैदल तो पापा ने गड्ढो से मुझे बचाया है
मेरे पापा ने हर खिलौना मुझे दिलाया है
खुद भूखे रहकर बेटे को मुझे खाना खिलाया है
मेरी खुशी के लिए अपने हाथों में पड़े उन छालों को छुपाया है
मेरे पापा ने हर खिलौना मुझे दिलाया है।



अर्पित गुप्ता
लेखक

# आत्महत्या हर समस्या का हल नहीं

प्रफुल्ल सिंह, लखनऊ

इक्कीसवीं सदी का आदमी कितना कमजोर हो गया है कि एक जोर में ही टूट जाता है? इतना बड़ा स्ट्रगल कवर करने वाला व्यक्ति, जीवन का एक पल रिकवर नहीं कर पाया, क्या कहें। शायद इसलिए कहा गया है कि जीवन में ज्यादा तेज आदमी की नहीं, समझदार आदमी की जरूरत है। किताबी ज्ञान परीक्षा पास करा सकती है, नौकरी दिला सकती है, लेकिन आपकी जिंदगी नहीं। जिंदगी की परीक्षा को अच्छे अंको से पास होने के लिएज नंबर की नही, जिंदादिली, जज़्बा और जूझारूपन की जरूरत होती है। आज न सिर्फ एक अभिनेता का सुसाइड हुआ है बल्कि एक समाज का भी सुसाइड हुआ है जो समाज उस अभिनेता को अपना आदर्श मानता था। सोचिये क्या बीतेगी उस समाज पर जिसके आदर्श का आज पतन हुआ है। देश, दुनिया, बाहर से लड़ने वाला आदमी जब अपने आप से हार जाता है तो मन में कई सवाल खडे हो जाते हैं। हालात चाहे जो भी हो, एकबार अपनी जिंदगी से, जिंदगी के लिए मिलजुल के बातचीत करनी चाहिए। ज़हर खा लेना, फाँसी लगा लेना, डूब के मर जाना ये कोई बहादुरी की बात नहीं है? कायरता है.. दुःख किसके पास नहीं है? समस्या किसके पास नहीं है? एक भोजपुरी कहावत है कि ÷ऊपर से देखा तो सभे एके लेखा छोटे छोटे घाव से ही बड़ा बड़ा दांव जीता जाता है साहब। अपना शरीर हल्का कर के सारा भार माँ बाप पर छोड़ जाना, सबसे बड़ी कायरता है।वो माँ बाप सबसे ज्यादा बदकिस्मत होते हैं जो अपने जीते जी जिंदगी में बेटे को मुखाग्नि देते हैं। वो माँ बाप अपने बेटे के जिंदे में लाश देखकर जिंदगी भर जिंदालाश बन के रह जाते हैं। बाप के कंधो पर बेटे के जनाजे से भारी ये दुनिया मे और कुछ भी नही होता साहब। समस्या कभी भी बड़ी नहीं होती है,



बस समाधान करने का आईडिया होना चाहिए। ठीक वैसे ही जैसे साइकिल की एक मामुली चैन उतर जाने पे लोग घबरा जाते हैं, टेंशनिया जाते हैं। बाकी थोड़ा ठंडे दिमाग से सोचिए, क्या साइकिल की चैन उतर जाना इतना बड़ी समस्या हो गई है कि आपका चैन सुकून गायब कर दे। नहीं भाई, बिल्कुल नहीं। जिंदगी भी ऐसे ही एक साइकिल की तरह है, पंचर होती है, चैन भी उतरती है, और कभी कभी टूट भी जाती है। हालात कैसे भी हो, घबराइये मत, आराम से उतरिये, सोचिए और फिर से ठीक कीजिये। कहा जाता है कि आदमी के जीवन में कोई इतनी बडी प्रॉब्लम नहीं है जिसके लिए बहुत ज्यादा टेंशन लिया जा सके और ये सही भी है.. बताइये कोई प्रॉब्लम हमारी जिंदगी से बड़ी कैसे हो सकती है?...जीवन में प्रॉब्लम होना अच्छी बात है, क्योंकि बिना प्रॉब्लम के हमारे जीवन का कोई मतलब नहीं है। हमे संघर्ष करना है , लड़ना है , भिड़ना है और जड़ से उखाड़ के फेंक देना है एक एक करके सारी समस्यायों को.. वैसे ही जैसे मक्खी को अपने मलाई वाले दूध से निकाल के फेंक देते है..अपनी जिंदगी भी तो मलाई ही है.. एक नाव को धारा के दिशा में चलाना बहुत आसान है लेकिन जब उसी नाव को धारा के विपरीत चलाना पड़ता है तो संघर्ष करना पड़ता है। ज़िंदगी भी तो एक नाव के जैसे ही है जो समय की धारा में बह रही है अब समय आपके विपरीत हो जाये तो क्या संघर्ष नहीं करेंगे??? ..करेंगे ..करना पड़ेगा.. मैंने देखा है तितली जैसी कोमल प्राणी जो दिन रात संघर्ष करती है वह भी आत्महत्या नहीं करती। वो अपने संघर्षों से ही इस कठोर जीवन का डटकर सामना करती है। क्योंकि तितली जानती है संघर्षों पर ही जीवन का अस्तित्व टिका है।

**जिस दिन संघर्ष खत्म ,उस दिन अस्तित्व खत्म।**

एक और बात है जो की बहुत प्रैक्टिकल है ..आपके जीवन में कितना भी बड़ी प्रॉब्लम आ जाये। अगर आप उसको ठीक नहीं भी करते है न तो भी वो ठीक हो जाती है। क्योंकि समय के साथ सबकुछ ठीक हो जाता है..ञ्चद्बद्दह्व द्बह्य ड्ड ह्लश्चश्स्र स्नद्बद्द्यद्दह्ल , समय घाव भर देता है साहब। आप जहाँ है वही खड़े रहिए ..आँधियो में ..कुछ देर बाद वही आँधी हवा का रूप ले लेती है..लेकिन मामला ये है कम से कम आपको खड़ा तो होना ही पड़ेगा..

# भारत ने चीन को दिया मुंहतोड़ जबाब

भारत- चीन के बीच हिंसक झड़प में 20 भारतीय जवानों को शहीद से देश में उबाल है। निश्चित रूप से यह घटना भारत के लिए बड़ी चुनौती है। चीन के विश्वास में आकर हमें भारी नुकासान उठाना पड़ा है। एक कर्नल समेत 20 सैनिकों मौत हमारे लिए बड़ी क्षति है। चालबाज चीन एक तरफ बातचीत कर रहा था दूसरी तरफ़ एक सोची समझी रणनीति के तहत भारतीय फौज पर हमला किया गया। जिसका मुंहतोड़ जवाब हमारी फौज ने दिया और 43 दुश्मन फौज के जवान मारे गिराए। भारतीय फौज पर हमला चीन की हताशा को दर्शाती है। कोरोना संक्रमण को लेकर चीन पूरी दुनिया के निशाने पर है। चीन में स्थापित विदेशी कम्पनियाँ भारत की तरफ़ रुख कर रहीं हैं जिसकी वजह से चीन सीमा जैसा विवाद छेड़कर दुनिया का ध्यान खुद से हटाना चाहता है। भारत-चीन के बीच 45 साल बाद दोनों तरफ़ से हुई हिंसा में इतने सैनिकों मारे गए हैं। यह चीनी सेना की एक सोची समझी रणनीति है। चीन ने भारतीय सेना पर अचानक हमला बोला। यह हमला पूर्वी लद्दाख के गलवान घाटी में पेट्रोलिंग के दौरान हुआ। अधिकारी स्तर की मीटिंग में यह तय हुआ था कि चीनी सेना विवादित इलाके से अपने जवानों को हटा लेगी। इसी को देखने भरतीय फौज के जवान गश्त पर निकले थे जहाँ चीनी सेना ने सुनियोजित तरीके से भरतीय सेना का अपहरण कर पत्थर से हमला बोल दिया। जिसके बाद दोनों तरफ़ की सेनाएं आमने- समने हो गई और चीन को भारी कीमत चुकानी पड़ी। चीन अपनी विस्तारवादी नीति की वजह हमेशा पड़ोसियों के लिए बड़ा खतरा है। 23 देशों से उसका सीमा विवाद अभी तक हल नहीँ हुआ है। तकरीब 22 हजार किलोमीटर का सीमा विवाद दूसरे देशों से है। भारत के साथ उसका सबसे बड़ा सीमा विवाद है। पूर्वी लद्दाख के गलवान घाटी में हुई हिंसा की बड़ी वजह चीन का सीमा विस्तार है। भारत और चीन के मध्य गालवान घाटी का मसला कभी नहीँ था लेकिन अब चीन इस विवाद को सुलगाना शुरू किया है। इस इलाके में भारत अपनी सीमा में सड़क बना रहा है जिसकी वजह से चीन को यहीं बात चुभ रहीं है। इस हिंसक झड़प में दिनों तरफ़ के सैनिकों की क्षति हुई है। यह उस स्थिति में हुआ है जब युद्ध जैसी परिस्थितियाँ नहीँ रहीं हैं। भारत के लिए 20 जवानों की शहादत बेहद अहम है। भारत ने एक कर्नल भी खोया है। चीन भारत के खिलाफ़ हमेशा से सीमा विवाद को हवा देकर एक दबाव की रणनीति बनाता रहा है। वह आए दिन भारतीय सीमा में घुसता रहा है। वह दक्षिण एशिया और ग्लोबल स्तर पर भारत की बढ़ती तागत से चिढ़ता है। विश्व स्वास्थ संगठन में भारत को मिली अहम जिम्मेदारी से भी वह जल- भून गया है। लेकिन युद्ध दोनों देशों के लिए ठीक नहीँ है। यह वक्त युद्ध का नहीँ है लेकिन चीन अमेरिका से अपनी अनबन की भड़ास भारत पर निकाले को आतुर है। अब स्थिति बदल गई है भारत किसी के दबाव में झुकने वाला नहीँ है चीन को यह बात अच्छी तरह समझ लेनी चाहिए। भारत और चीन के मध्य हुई इस हिंसक झड़प का सीधा असर दोनों देशों की शांति वार्ता और आर्थिक गतिविधि पर पड़ेगा। चीन के लिए भारत सबसे बड़ा बजार है उस हालात में वह कभी नहीँ चाहेगा कि भारत और चीन के बीच युद्ध लड़ा जाय। जबकि अमेरिका भारत की मदद की आड़ में चाहता है कि भारत-चीन के मध्य युध्द छिड़ जाय और उसे चीन को सबक सिखाने का मौका मिल जाय। यह बात खुद चीन अच्छी तरह समझता है। लेकिन हिंसक झड़प के पीछे शीनजिन पिंग का दिमाग था या पीपुल्स आर्मी का, यह अपने आप में बड़ा सवाल है।लेकिन बगैर किसी जिम्मेदार का आदेश मिले इस तरह की घटना को अंजाम नहीँ दिया जा सकता है। भारत- चीन को इस हिंसा पर गम्भीरता से विचार करना चाहिए। चीन को अपनी सोच में बदलाव लाना चाहिए। दादागिरी अपना कर पड़ोसी देशों पर अपना कब्जा ज़माना यह ठीक नहीँ है। पंडित नेहरू के शासनकाल में जब %हिंदी- चीनी भाई- भाई% का नारा लगा था तब भी चीन ने भारत के साथ धोखा दिया था। तिब्बत जैसे देश पर चीन का कब्जा है। चीन की दमनकारी नीति से तिब्बत के लोग निर्वासित जीवन व्यतीत कर रहे हैं। भारत को घेरने के लिए चीन पाकिस्तान और नेपाल का उपयोग कर रहा है। चीन नेपाल और पाकिस्तान को आगे कर अपनी नीति कामयाब करने में लगा है।



कर चले हम फिदा जान-ओ-तन साथियों
अब सम्भालो तुम अपना चमन साथियों...

खूब लाओ तुम नकली रौशनी की लडी
लौ दिए की जला पाओगे तुम क्या कभी

खूब वीडियो बनाओ तुम टिक-टौक पर
हम क्यों रोकेंगे क्यों कुछ कहेंगे कभी

ये शहादत है बस हमारा धरम साथियों
अब सम्भालो तुम अपना चमन साथियों ....

हम सीमा पर यहाँ तिरंगा फहराते रहे
तुम चाइनीज खाने पे लार टपकाते रहे


अब भी तोहफे तुम अपनों को देना वही
जो कि सस्ते तो हों लेकिन टिकाऊ नहीं

अर्थव्यवस्था का भरना उस पे दम साथियों
अब सम्भालो तुम अपना चमन साथियों ....



प्रियंका कटारे प्रिराज
ग्वालियर

# फिल्म ब्रह्मास्त्र के गाने का फिल्मांकन हुआ बनारस के राजघाट पर




**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन, रणबीर कपूर और अभिनेत्री आलिया भट्ट के किरदारों से सजी फिल्म ब्रह्मास्त्र इन दिनों काफी चर्चा में हैं। इस फिल्म में रणबीर और आलिया पहली बार एस साथ काम करते नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन अयान मुखर्जी कर रहे हैं और फिल्म की शूटिंग लगातार जारी है। हाल ही में फिल्म के एक गाने की शूटिंग वाराणसी के राजघाट पर हुई जिसकी शूटिंग के दौरान की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। फोटोज में आलिया भट्ट सूट और डेनिम जैकेट पहने हुए नजर आ रही हैं। वहीं रणबीर कपूर जींस टीशर्ट और जैकेट कैरी किए हुए हैं। दोनों ही कलाकार नाव पर बैठे और घाटों पर घूमते नजर आ रहे हैं। मालूम हो कि इस फिल्म की शूटिंग के दौरान ही रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के रिलेशनशिप में होने की खबरें आम हुई हैं। फिल्म में आलिया भट्ट और रणबीर कपूर के अलावा अमिताभ बच्चन भी होंगे जो कि अहम किरदार निभाते नजर आएंगे। हालांकि फिल्म के किसी भी कलाकार का लुक और उससे जुड़ी डिटेल्स अब तक अयान ने साझा नहीं की हैं। आधिकारिक रूप से शेयर की गई जानकारियों की बात करें तो अब तक सिर्फ फिल्म का लोगो ही रिलीज किया गया है जिसे काफी भव्य तरीके से लॉन्च किया गया था। रणबीर कपूर की इस साल एक भी फिल्म रिलीज नहीं हुई है और अगले साल उनकी कम से कम दो फिल्में रिलीज होने की खबर है। ब्रह्मास्त्र के अलावा रणबीर शमशेरा में भी नजर आएंगे। खास बात ये भी है कि रणबीर अब अपना ट्रैक थोड़ा चेंज कर रहे हैं और अगली दो फिल्मों में वह एक्शन मोड में नजर आएंगे।

# कोरोना को लेकर इमरान हाशमी नाराज



कोरोना वायरस को लेकर बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता इमरान हाशमी ने ट्विटर पर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने ट्विटर पर कोविड-19 फैलने की जड़ पर टिप्पणी की है। उन?होंने ट्विटर पर लिखा कि 'और यह सब इसलिए हो रहा है क्योंकि यहां से हजारों मील दूर कुछ लोग चमगादड़ को खाने का अजीब अनुभव करना चाहते थे।' इस ट्वीट के जरिए इमरान ने बिना नाम लिए चीन की खाने की आदतों पर हमला बोला है। दरअसल, कहा जा रहा है कि ये वायरस चमगादड़ों के जरिए फैला है। बता दें कि कोरोना वायरस को वैश्विक महामारी घोषित कर दिया गया है। ये वायरस 180 से भी ज्यादा देशों में फैल चुका है और अब तक 20 हजार से ज्यादा लोगों की जान ले चुका है। इसके अलावा साढ़े चार लाख लोग इससे संक्रमित हैं।


# अगली फिल्म में जाह्नवी को ले सकती है एकता ?



**मुंबई।** फिल्म %धड़क% से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली ऐक्ट्रेस जाह्नवी कपूर के लिए आने वाला साल धमाकेदार रहने वाला है। अभी तक बस एक ही फिल्म करने वाली जाह्नवी के खाते में कई फिल्में हैं, जिनमें उनका रोल भी काफी दिलचस्प है। एक तरफ जहां जाह्नवी के पास %रूहीअफ्जा%, %करगिल गर्ल%, %तख्त% और %दोस्ताना 2% जैसी फिल्में हैं, तो वहीं खबर कि वह एकता कपूर की अगली फिल्म में भी नजर आ सकती हैं। दरअसल, हाल ही में जाह्नवी को एकता कपूर के घर के बाहर स्पॉट करने के बाद से ही ऐसी खबरें आने लगी हैं कि जाह्नवी एकता की अगली फिल्म में नजर आ सकती हैं। हालांकि सूत्रों से पता चला कि एकता ने अपनी अगली फिल्म के लिए जाह्नवी से बात की है। इसी बारे में और बात करने के लिए जाह्नवी एकता कपूर के ऑफिस गई थीं। जाह्नवी जैसे ही एकता कपूर के घर से बाहर निकलीं तो उनकी नजर पपराजी पर पड़ गईं। हालांकि उन्होंने सभी को स्माइल दी और चली गईं। बता दें कि जाह्नवी ने साल 2018 में आई करण जौहर की फिल्म %धड़क% से बॉलिवुड डेब्यू किया था। यह फिल्म हिट रही और इसमें जाह्नवी की ऐक्टिंग को भी काफी सराहा गया। इस फिल्म में उनके ऑपोजिट ईशान खट्टर थे।

# आलिया बोल गईं अश्लील शब्द, मचा हंगामा

**मुंबई।** आलिया भट्ट के साथ अक्सर ऐसा हुआ है कि वह बिना सोचे-समझे बोल जाती हैं। हाल ही में भी कुछ ऐसा ही हुआ। एक इवेंट के दौरान आलिया करीना की तारीफ करते-करते एक अश्लील शब्द बोल गईं। लेकिन जब तक आलिया को इसका अहसास हुआ तब तक काफी देर हो चुकी थी। दरअसल आलिया करीना कपूर खान और करण जौहर के साथ जियो मामी फिल्म फेस्टिवल में शामिल हुईं। इस दौरान करण से बातचीत करते हुए एक सवाल के जवाब में आलिया ने करीना की तारीफ करनी शुरू की। आलिया ने कहा, करीना ने फिल्म के बाद फिल्में की हैं और आज भी वह फिल्में ही कर रही हैं। लोग कहते हैं कि एक बार शादी हो जाए तो उसके बाद लाइफ थोड़ी स्लो हो जाती है, लेकिन ऐसा करीना के साथ नहीं हुआ। बच्चा हो गया तो उसके बाद लाइफ स्लो हो जाती है, लेकिन ऐसा उनके साथ नहीं हुआ। वह हमेशा से ही हम सभी के लिए प्रेरणा रही हैं। सिर्फ मेरे लिए ही नहीं बल्कि मेरे दोस्तों के लिए भी। आलिया भट्ट रणवीर सिंह दोनों काफी अच्छे दोस्त हैं और विज्ञापनों के अलावा फिल्म में भी साथ काम कर चुके हैं। अब खबर है कि आलिया भट्ट रणवीर सिंह से नाराज हो गई हैं। दरअसल आलिया के गुस्से की वजह है संजय लीला भंसाली की फिल्म %गंगूबाई%। सभी जानते हैं कि फिल्म %इंशाअल्लाह% के ठंडे बस्ते में जाने के बाद भंसाली ने आलिया के साथ %गंगूबाई% बनाने का फैसला किया। इस फिल्म के लिए मेल लीड फाइनल किया जाना था। खबरहै कि भंसाली ने अपनी इस फिल्म में आलिया के ऑपोजिट रणवीर को लेने का मन बनाया और फिल्म में कैमियो को लेकर उनसे बात की, लेकिन रणवीर ने मना कर दिया। आलिया इसी वजह से रणवीर से नाराज हैं। उन्हें समझ ही नहीं आ रहा है कि आखिर रणवीर ने उनके साथ काम करने से क्यों मना किया।



# सुष्मिता सेन ने खोजी कोरोना से बचने की दवाई



कोरोना वायरस से लड़ने के लिए एक्ट्रेस सुष्मिता सेन ने दवाई की खोज कर ली हैं। दरअसल,लॉकडाउन के दौरान सेलेब्स कई विडियोज और फोटोज शेयर कर रहे हैं। इसी कड़ी में एक्ट्रेस सुष्मिता सेन ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर जारी कर कोविड-19 क दवा बताई है। सुष्मिता सेन ने सोशल मीडिया पर एक लंबी पोस्ट लिखी है। उन्होंने एक दवाई की शीशी शेयर की है, जिस पर लिखा कि स्टे एट होम। इसका मतलब यही है कि सुष्मिता सेन भी सभी को यही हिदायत दे रही हैं कि सभी घर में ही रहे। उन्होंने लिखा कि अब जब हम सभी घर पर हैं तो कृपया बिना डॉक्टर से जांच कराए स्वयं दवा न लें। ये जानकारी आपको और आपके परिवारों को जागरूक करने के लिए है। किसी भी दवाई को लेने से पहले डॉक्टर की परामर्श जरूर लें और उसी दवाई के सेवन करें जो डाक्टर बताए। इसके साथ ही सुष्मिता सेन ने वीना लेबोरेटरी की स्टडी की कई बातों को सामने रखा हैं और कहा कि जिन लोगों की कोरोना से मौत हुई है, उनके शरीर में आईबोप्रोफेन की मात्रा पाई गई है।

# रवीना ने शेयर की बचपन की तस्वीर



बॉलिवुड की खूबसूरत ऐक्ट्रेस रवीना टंडन भले ही फिल्मों से दूर हों लेकिन सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव रहती हैं। अक्सर अपने फोटोज और विडियोज शेयर करती रहती हैं। रवीना टंडन ने फैंस के लिए एक बार फिर अपनी फोटो शेयर की है। इस फोटो को देखकर आपका दिन बन जाएगा। रवीना टंडन ने हाल ही में अपने बचपन और लेटेस्ट तस्वीर का एक कोलाज अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की है। इस कोलाज में आप देख सकते हैं कि रवीना टंडन ने बचपन और लेटेस्ट फोटो में पर्पल कलर का लहंगा पहन रखा है। इस तस्वीर के साथ उन्होंने कैप्शन लिखा, %तब और आज.. मेरी लंहगे के साथ की लव स्टोरी जारी है।% रवीना टंडन कोलाज में बचपन की तस्वीर में बहुत क्यूट लग रही हैं। कोलाज की दोनों तस्वीरों में उनकी ड्रेस देखते ही आपकी नजर वहीं टिक जाएगी। एक बात तो साफ हो गई कि रवीना टंडन को लहंगा बहुत पसंद है। रवीना टंडन के वर्कफ्रंट की बात करें तो उन्होंने हाल ही में आई सोनाक्षी सिन्हा की फिल्म %खानदानी सफाखाना% में %शहर की लड़की% में सुनील शेट्टी के साथ कैमियो किया था।



हंगरी में थिएटर व आर्ट फिल्म को लेकर प्रस्तावित सुधारों के विरोध में नारे लगाते हुए प्रदर्शनकारी।

# नस्ली भेदभाव विरोधी प्रदर्शनों के बीच हटाई जाएगी संग्रहालय से बाहर लगी रूजवेल्ट की प्रतिमा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक संग्रहालय के बाहर लगी थियोडोर रूजवेल्ट की प्रतिमा को हटाया जाएगा। मेयर बिल डी ब्लासियो ने कहा कि अमेरिकी संग्रहालय को लेकर वर्षों से की जा रही आपत्तियों के कारण अपने प्रवेश द्वार से थियोडोर रूजवेल्ट की एक प्रमुख प्रतिमा को हटा देगा। इस मूर्ति को लेकर वर्षों से आपत्ति जताई जा रही है। इसके साथ ही यह मूर्ति औपनिवेशिक विस्तार और नस्लीय भेदभाव का प्रतीक है। रूजवेल्ट की कांस्य मूर्ति 1940 से संग्रहालय के सेंट्रल पार्क पश्चिम प्रवेश द्वार पर खड़ी है जिसमें एक अमेरिकी मूल-निवासी और एक अफ्रीकी व्यक्ति के साथ घोड़े की पीठ पर रूजवेल्ट को बैठे हुए दर्शाया गया है। डी ब्लासियो ने एक लिखित बयान में कहा कि अमेरिकन म्यूजियम ऑफ नेचुरल हिस्ट्री ने थियोडोर रूजवेल्ट की मूर्ति को हटाने के संबंध में प्रश्न किया है क्योंकि यह साफ़ तौर पर काले और स्वदेशी लोगों को पराधीन और नस्लीय रूप से नीचा दिखाता है। पूरा शहर म्यूजियम के इस अनुरोध का समर्थन कर रहा है। इस विवादास्पद मूर्ति को हटाने का यह निर्णय और समय बिलकुल सही है। म्यूजियम के अध्यक्ष एलेन फटर ने बताया जॉर्ज फ्लॉयड की हत्या के बाद पैदा हुए नस्लीय भेदभाव को लेकर किए जा रहे व्यापक आंदोलनों ने म्यूजियम के लोगों को बहुत प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि हम देख रहे हैं कि दुनिया और देश का ध्यान इन मूर्तियों की ओर बढ़ा है और सभी इन मूर्तियों को नस्लवाद के शक्तिशाली और आहत प्रतीकों के रूप में देखते रहे हैं। म्यूजियम के अधिकारियों ने कहा कि अभी तक यह निर्धारित नहीं किया गया है कि रूजवेल्ट की प्रतिमा को कब हटाया जाएगा और हटाने के बाद इसे कहां रखा जाएगा।

# बीमार बिशप सहित 340 लोग चार्टर्ड विमान से हैदराबाद रवाना

**जोहानिसबर्ग।** कोरोना वायरस के निपटने के लिए लागू किए गए लॉकडाउन के कारण यहां फंस गए कर्नाटक के बिशप, चार नवजात सहित 340 यात्री इथियोपिया एयरलाइंस के चार्टर्ड विमान से भारत रवाना हुए। बिशप गंभीर रूप से बीमार हैं। इन यात्रियों में गोवा से एक धार्मिक संगोष्ठी में शामिल होने दक्षिण अफ्रीका आया आठ सदस्यीय ईसाई समूह और कर्नाटक के पारंपरिक चिकित्सा तेल निर्माता जनजाति हक्की पिक्की का 15 सदस्यीय समूह शामिल है। जोहानिसबर्ग में भारत की महावाणिज्यदूत अंजू रंजन ने बताया कि लगभग सभी यात्री दक्षिणी राज्यों के हैं, जिनमें आधे केवल हैदराबाद के ही हैं। रंजन ने प्रवासी भारतीयों के समूह सतगुरु ट्रैवल एंड इंडिया क्लब की सहायता से भारतीयों की स्वदेश वापसी की व्यवस्था की। ये समूह लगभग दो दशकों से दक्षिण अफ्रीका में सामुदायिक सेवा का काम कर रहा है। इंडिया क्लब के अधिकारियों ने बताया कि विमान में सवार कर्नाटक के बिशप को आखिरी स्टेज का कैंसर है और लॉकडाउन के कारण वह यहां फंस गए थे। वह अपनी पैतृक जमीन पर अंतिम सांस लेना चाहते थे। रंजन ने कहा ?कि एक धार्मिक संगोष्ठी में शामिल होने गोवा से आया ईसाइयों एक समूह कोरोना वायरस के कारण लगे लॉकडाउन की वजह से यहां फंस गया और होटल का किराया नहीं चुका पाने के चलते जेल पहुंच गया। उन्होंने कहा ?कि भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने उन्हें छुड़वाया और उनके वापस जाने की व्यवस्था की।



## मिनियापोलिस के बाजार इलाके में गोलीबारी, एक व्यक्ति की मौत 11 घायल

**मिनियापोलिस।** मिनियापोलिस के बाजार इलाके में की गई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि 11 लोग घायल हो गए। गोलीबारी की यह घटना शहर के 'अपटाउन' इलाके में आधी रात के बाद हुई। यह एक बाजार क्षेत्र है, जहां नाइटलाइफ़ हब और एप्पल तथा नामी-गिरामी कंपनी के स्टोर हैं। पुलिस ने पहले कहा था कि 10 लोगों को गोली मारी गई है और वे गंभीर रूप से घायल हैं, लेकिन उन्होंने सुबह तीन बजे के बाद ट्वीट कर जानकारी दी कि एक आदमी की अस्पताल में मौत हो गई है और घायल हुए अन्य लोगों की जान को कोई खतरा नहीं है। पुलिस ने कहा कि उनका मानना है कि एक से अधिक लोग गोलीबारी कर रहे थे। मिनियापोलिस के पुलिस प्रमुख मेडारिया अर्राडोंडो ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा यह दुखद और बेतुकी हिंसा है।

# सीमा पर तनाव के बीच चीन ने लद्दाख से अरुणाचल सीमा तक तैनात किए बमवर्षक विमान

**पेइचिंग।** लेह में भारत के मिग-29 और अपाचे लड़ाकू हेलिकॉप्?टर तैनात करने के बाद चीन ने भी लद्दाख से सटे अपने दो एयरबेस होटान, नग?यारी, शिगात?से (सिक्किम के पास) और नयिंगची (अरुणाचल प्रदेश के पास) में बड़े पैमाने पर फाइटर जेट, बमवर्षक विमान और हेलिकॉप्?टर तैनात कर दिए हैं। यही नहीं चीन की सेना ने पेंगांग सो झील पर फिंगर 4 के आगे भारतीय सैनिकों को गश?त से रोकने के लिए अपनी आक्रामक कार्रवाई और निगरानी को बढ़ा दिया है। चीन ने भारत से लगी अपनी पूरी सीमा पर स्थित हवाई ठिकानों होटान, नग?यारी, शिगात?से और नयिंगची में अतिरिक?त फाइटर जेट, बॉम्?बर और लड़ाकू हेलिकॉप्?टरों को तैनात किया है। पीएलए अरुणाचल की सीमा पर भी अपनी गतिविधि को तेज कर दिया है। पेंगांग सो झील पर जहां चीन की सेना एलएसी को बदलना चाहती है, वहीं चीनी सेना ने गोगरा हॉट स्प्रिंग में भी बड़े पैमाने पर सैनिकों और हथियार तैनात किए हैं। चीन की ताजा हरकत से भारत के देपसांग, मुर्गो, गलवान, हॉट स्प्रिंग, कोयूल, फूकचे और देमचोक को खतरा का काफी बढ़ गया है।



भारत ने भी चीन की इस चुनौती से निपटने के लिए अपनी तैयारी काफी बढ़ा दी है। बताया जा रहा है कि दोनों ही सेनाओं के बीच आज बैठक हो रही है। इससे पहले 6 जून को इसी तरह की बैठक हुई थी। इससे पहले 15 जून की रात को भारत और चीन के जवानों के बीच गलवान घाटी में भीषण झड़प हुई थी। इसमें भारत के 20 जवान शहीद हो गए थे और चीन के भी 40 से ज?यादा जवान हताहत हुए थे। इसके बाद दोनों ही देशों के बीच तनाव काफी बढ़ गया है। चीनी चुनौती से निपटने के लिए भारत ने नियंत्रण रेखा से सटे इलाकों में फाइटर जेट, लड़ाकू विमान और टैंक तैनात किए हैं।

# कई देशों में फिर टूटा कोरोना का कहर

**लंदन।** लॉकडाउन में छूट के बाद ऑस्ट्रेलिया, तुर्की, फलस्तीन और कई देशों में कोरोना संक्रमण तेजी से बढ़ा है। फलस्तीन के प्रधानमंत्री मुहम्मद शतयेह ने पश्चिमी तट के हर्बोन में फिर से लॉकडाउन लगाने का आदेश जारी किया। हर्बोन में शनिवार को 103 नए केस मिले हैं, मार्च में महामारी फैलने के बाद यह सबसे बड़ा आंकड़ा है। वहीं, तुर्की में दो सप्ताह की छूट के बाद राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोगन ने राजधानी इस्तांबुल, इजमिर और बुरसा में फिर से 14 दिन के लॉकडाउन की घोषणा की है। यहां संक्रमण के रोजाना करीब एक हजार से 1500 नए मामले सामने आ रहे हैं। इस बीच, महामारी से निपटने में दुनिया भर की वाहवाही बटोरने वाले ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया प्रांत में फिर से बड़ी संख्या में लोगों के जुटने पर रोक लगा दी गई है। मेलबर्न शहर में एक दिन में रिकॉर्ड 21 केस मिले हैं, जो एक महीने में सबसे ज्यादा है। राष्ट्रपति डेन एंड्र्यूज ने कहा कि लॉकडाउन में छूट के बाद लोग सोशल डिस्टेंसिंग नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। लिहाजा हमें फिर से सख्ती बरतनी पड़ रही है। सऊदी अरब में सरकार ने रविवार को राष्ट्रव्यापी कर्फ्यू खत्म करने का फैसला लिया है, लेकिन एक दिन पहले ही देश में चार हजार नए केस मिले हैं। हालांकि अभी भी वहां बड़े समारोह, भीड़ जुटने, अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर प्रतिबंध है।





नीदरलैंड में कोरोना वायरस के नियंत्रण को लेकर सरकारी प्रयासों का विरोध करने वालों पर पानी की बौछारें की गयीं।

## देश में कोरोना के 90 फीसदी मामले विदेश से लौटे लोगों से संबंधित- नेपाल

**काठमांडू।** नेपाल ने कहा कि देश में सामने आए कोरोना वायरस संक्रमण के 90 फीसदी मामले विदेश से लौटे प्रवासी श्रमिकों से संबंधित हैं, जिनमें से अधिकतर भारत से वापस आए लोग हैं। नेपाल में संक्रमण के 421 नए मामलों के साथ ही संक्रमितों का आंकड़ा 9,026 तक पहुंच चुका है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक देश के 77 जिलों में से 75 में कोविड-19 का संक्रमण फैल चुका है। महामारी विज्ञान विभाग के निदेशक डॉ बासुदेव पांडेय ने कहा कि नेपाल में कोरोना वायरस संक्रमण के 90 फीसदी मामले विदेश से लौटे प्रवासी श्रमिकों के हैं, जिनमें से अधिकतर भारत से वापस आए लोग हैं। उन्होंने कहा कि 98 फीसदी संक्रमित लोगों में कोई लक्षण दिखाई नहीं दिए थे। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि 421 नए मामलों में से 357 पुरुष और 64 महिलाएं शामिल हैं। मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि हाल ही में भारत से इलाज कराकर लौटे 69 वर्षीय लकवाग्रस्त रोगी की मौत के बाद रविवार को कोविड-19 से मरने वालों की संख्या 23 हो गई। वर्तमान में नेपाल के विभिन्न अस्पतालों में कोविड-19 के 7,231 मरीजों का इलाज चल रहा है।

# केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह का दावा 40 चीनी सैनिक मरे, चीन के प्रवक्ता ने कहा हमें जानकारी नहीं

**बीजिंग।** पिछले दिनों लद्दाख की गलवान घाटी में भारतीय सेना और चीनी सेना के बीच हुई हिंसक झड़प में 20 भारतीय सैनिक शहीद हुए थे, लेकिन चीन के कितने सैनिक शहीद हुए इस बारे में चीन की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया। हालांकि पूर्व भारतीय सेना प्रमुख और केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह ने दावा किया कि झड़प में चीन के 40 से ज्यादा सैनिक मारे गए है। चीन ने हालांकि सोमवार को केंद्रीय मंत्री वीके सिंह की उस टिप्पणी पर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया कि पूर्वी लद्दाख में गलवान घाटी में 40 से अधिक चीनी सैनिक मारे गए, उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर कोई सूचना नहीं है।चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियन ने दोहराया कि भारत और चीन जमीन पर तनावपूर्ण स्थिति को हल करने के लिए राजनयिक और सैन्य चैनलों के माध्यम से एक-दूसरे के साथ संपर्क में हैं। पूर्व सेना प्रमुख जनरल वीके सिंह की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर चीनी मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि मुझे उस पर कुछ भी कहने के लिए मेरे पास कोई जानकारी नहीं है। पूर्व सेना प्रमुख जनरल वीके सिंह ने सीमा पर भारत-चीन के सैनिकों के बीच हुए टकराव पर कहा था कि अगर भारत ने 20 सैनिक शहीद हुए हैं,तब उनकी तरफ (चीन) हमसे दोगुने से ज्यादा लोग मारे गए हैं। दूसरी ओर, गलवान घाटी में भारत के साथ हुए हिंसक टकराव में अपने हताहत सैनिकों की संख्या को लेकर चीन ने अब तक आधिकारिक तौर पर चुप्पी साध रखी है, इससे लोगों में इसके खिलाफ नाराजगी देखी जा रही है। हालांकि चीन के नागरिक नुकसान को लेकर रिपोर्टिंग की कमी पर हताशा का इजहार कर रहे हैं। चीनी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का ओपन-सोर्स विश्लेषण दिखाता है कि कैसे वहां के नागरिक बीजिंग के सख्त ऑनलाइन रेगुलेशन्स पर गुस्सा जता रहे हैं। चीनी लोग ऑनलाइन पर अपनी बेचैनी व्यक्त कर रहे हैं क्योंकि आधिकारिक बयान न तो 15 जून की लड़ाई में हताहतों की पुष्टि कर रहे हैं और न ही खंडन। हालांकि लोग प्रतिक्रिया के दौरान शब्दों के चयन पर भी खास ध्यान दे रहे हैं।



अगले सप्ताह होगी बैठक

# चीनी कंपनियों के साथ प्रायोजन करार पर दोबारा विचार करेगा बीसीसीआई,

**मुम्बई।** देश में चीन के खिलाफ माहौल को देखते हुए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अब अपना रुख बदल दिया है। आईपीएल की गवर्निंग काउंसिल ने चीनी प्रायोजकों के साथ अनुबंध पर फिर विचार के लिए अगले सप्ताह एक बैठक बुलाई है। इसमें बीसीसीआई ने आईपीएल के मुख्य प्रायोजक वीवो, ड्रीम इलेवन जैसी चीनी कंपनियों के साथ हुए करार पर दोबारा विचार करने का फैसला किया है। इसका कारण यह है कि बोर्ड के अंदर भी कुछ अधिकारी चीनी कंपनियों को दिये प्रायोजन करार के खिलाफ हैं। वहीं भारतीय बोर्ड ने पिछले दिनों कहा था कि वह अपने मुख्य प्रायोजक से तब तक नाता नहीं तोड़ेगा, जब तक सरकार की ओर कोई निर्देश नहीं




मिलता। बोर्ड की ओर से यह भी कहा था कि चीन से आए पैसों से देश की अर्थव्यवस्था को ही फायदा पहुंच रहा है पर अब बोर्ड का ताजा बयान इससे अलग है। चीन की मोबाइल कंपनी वीवो ने आईपीएल के मुख्य प्रायोजक के तौर पर 2018 से 2022 तक के लिए करार किया था। इसके लिए उसने 330 मिलियन डॉलर यानी तकरीबन 25 अरब 16 करोड़ रुपये का करार किया था। अब आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने अपने एक ट्वीट में कहा है कि सीमा पर हुई झड़प और हमारे बहादुर सैनिकों की शहादत के बाद हमने आईपीएल के प्रायोजन करार की समीक्षा के लिए अगले सप्ताह एक बैठक बुलाई है। कुछ खिलाड़ियों ने मौजूदा हालात में चीन के उत्पादों का बहिष्कार करने की भी अपील की है। इसमें ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह भी शामिल हैं। इसके अलावा व्यापारिक संगठन चैंबर ऑफ ट्रेड ऐंड इंडस्ट्री (सीटीआई) ने बीसीसीआई अध्यक्ष सौरभ गांगुली से अपील की है कि लोगों की भावनाओं को देखते हुए वह चीनी कंपनियों से करार रद्द करें।

## युवा खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन के लिए आगे आयें : छेत्री

**कोलकाता।** भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने कहा कि भारतीय टीम एशियाई देशों में शीर्ष 10 में आ सकती है पर इसके लिए युवा खिलाड़ियों को आगे आना होगा। छेत्री ने कहा कि अगर खिलाड़ियों का एक समूह अच्छा प्रदर्शन करता है तो वह जूनियर खिलाड़ियों के लिए अच्छा




उदाहरण पेश कर सकता है जो इसके बाद अपने सीनियरों से बेहतर प्रदर्शन का प्रयास करेंगे और इस पूरी प्रक्रिया से टीम को आगे बढ़ने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा, %%वर्तमान भारतीय फुटबॉल में आप राष्ट्रीय टीम को एशिया में शीर्ष दस में आते देखना चाहते हैं पर इसके लिए युवा खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा।%% छेत्री ने कहा, मैं कप्तान बिबियानो फर्नांडिस की अंडर-16 टीम और इंडियन एरोज का बड़ा प्रशंसक हूं, विशेषकर बिबियानो की अगुवाई में अंडर-16 टीम एक इकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। भारतीय कप्तान ने कहा, %%उन्होंने वास्तव में अच्छी फुटबॉल खेली है और यह हर कदम पर सुधार करते हुए आगे बढ़ने से जुड़ा है।

# कोरोना के बीच फुटबॉल की बहाली से नाराज हैं रोलाल्डो





**रियो डि जिनेरिया ।** ब्राजील के महान फुटबॉलर रोनाल्डो ने देश में कोरोना महामारी के बढ़ते हुए मामलों के बाद भी फुटबॉल प्रतियोगिता शुरु किये जाने की कड़ी आलोचना की है। ब्राजील में तीन महीने से बंद पड़ी फुटबॉल प्रतियोगिताएं कैरीओका चैम्पियनशिप में फ्लेमेंगो और बेंगू के बीच मैच से शुरू हो गयी हैं। रोनाल्डो ने कहा, मैं संक्रमण बढ़ने के हालात को देखते हुए करियोका फुटबॉल और ब्राजील फुटबॉल की वापसी के खिलाफ हूं। ब्राजील ने यूरोप के बाकी देशों का अनुसरण कर इसे शुरु कर दिया है। ब्राजील में 983,000 से अधिक कोरोना मामलों की पुष्टि की गई है, जबकि इस महामारी से 47,000 से अधिक लोगों की मौतें हुई हैं। स्पेनिश क्लब रियाल वलाडोलिड के मालिक रोनाल्डो ने कहा कि यूरोपीय देशों में कोरोना के नए संक्रमणों और मौतों की संख्या में गिरावट के बाद ही फुटबॉल प्रतियोगिताओं को खाली स्टेडियमों में शुरु किया गया है पर हमारे यहां के हालात अभी इसके लिए ठीक नहीं हैं।

## बीमा राशि के लिए स्टार्क ने वीडियो फुटेज सौंपी

**सिडनी।** आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने बीमा राशि हासिल करने के लिए साल 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले दूसरे क्रिकेट टेस्ट की वीडियो फुटेज सौंपी है जिससे कि यह साबित हो सके कि उन्हें खेलने के दौरान ही चोट लगी। ऐसे में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की ओर से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में नहीं खेल पाने के कारण उन्हें 15 लाख 30 हजार डॉलर की बीमा राशि मिलनी चाहिये।स्टार्क ने बीमा कंपनी के खिलाफ पिछले साल अप्रैल में मामला दर्ज कराया था। वहीं बीमाकर्ता ने हालांकि इस बात का विरोध किया था कि उन्हें चोट पोर्ट एलिजाबेथ में दूसरे टेस्ट के दौरान लगी। इस मामले की सुनवाई अब 12 अगस्त से होगी। दोनों पक्षों के बीच पिछले महीने मध्यस्थता की कोशिशें उस समय विफल हो गईं जब स्टार्क के मैनेजर एंड्रयू फ्रेजर ने वीडियो फुटेज मुहैया कराई जिसमें यह तेज गेंदबाज दूसरे टेस्ट के दौरान गेंदबाजी कर रहा था।

# टॉलीवुड से जुड़े कलाकारों की सहायता के लिए सामने आये गांगुली

**कोलकाता।** टीम इंडिया के पूर्व कप्तान और बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली खेल के साथ ही सामाजिक क्षेत्र में भी भी अपना योगदान देने में पीछे नहीं रहते हैं। सौरव ने देश में कोरोना महामारी फैलने के बाद से ही पीड़ितो के लिए जो सहायता अभियान शुरु किया था वह अब भी जारी है। अब गांगुली ने कोलकाता की टॉलीवुड इंडस्ट्री से जुड़े छोटे कलाकारों की सहायता की है। गांगुली ने टॉलीगंज सिनेमा से जुड़े कर्मचारियों के लिए 10 लाख रुपये दान में दिये हैं. इससे पहले गांगुली ने लॉकडाउन के दौरान कोरोना वायरस के खिलाफ अभियान में 50 लाख रुपये का दान दिया। इसके अलावा उन्होंने 2000 किलो चावल भी गरीब परिवारों में बंटा था। गांगुली ने अपनी फाउंडेशन के



जरिए अब तक 10 हजार लोगों को खाना भी खिलाया है। कोरोना ही नहीं वह अम्फान तूफान के पीड़ितों की सहायता में भी पीछे नहीं रहे। गांगुली ने अपनी एसोसिएशन के जरिये लोगों की मदद की है। गांगुली इसके साथ ही आईपीएल आयोजित करने की भी योजना बना रहे हैं क्योंकि इस टूर्नामेंट से कई लोगों के हित जुड़े हैं। अगर यह टूर्नामेंट नहीं हुआ तो बीसीसीआई को करीब चार हजार करोड़ा का नुकसान हो सकता है। आईपीएल का प्रभाव कई खिलाड़ियों के साथ ही टीमों और उनसे जुड़े कर्मचारियों पर भी पड़ेगा।

## फिर महंगे हुए रेडमी के दो स्मार्टफोन

**नई दिल्ली।** पडोसी देश चीन की स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी रेडमी ने अपने दो पॉप्युलर स्मार्टफोन्स- रेडमी नोट 9 प्रो मेक्स और रेडमी 8ए डॅयूल की कीमतों को एक बार फिर से बढ़ा दिया है। कंपनी ने रेडमी नोट 9 प्रो मैक्स की कीमत को दूसरी बार और रेडमी 8ए ड्यूल की कीमत को तीसरी बार बढ़ाया है। रेडमी नोट 9 प्रो मैक्स को कंपनी ने 500 रुपये और रेडमी 8ए ड्यूल को 300 रुपये महंगा किया है। इस प्राइस हाइक के बाद रेडमी नोट 9 प्रो की कीमत लॉन्च प्राइस से 2 हजार रुपये महंगी हो गई है। वहीं, रेडमी 8ए ड्यूल की ऑरिजनल कीमत में 1300 रुपये का इजाफा हुआ है। कीमत में बढ़ोतरी के बाद रेडमी नोट 9 प्रो मैक्स के 6जीबी रैम+64 जीबी स्टोरेज वेरियंट की कीमत 16,999 रुपये हो गई है। वहीं, इसके 6जीबी रैम+128जीबी स्टोरेज वेरियंट को खरीदने के लिए आपको अब 18,499 रुपये देने होंगे। दोनों वेरियंट की कीमत में 500 रुपये की बढ़त हुई है। फोन के टॉप-एंड वेरियंट यानी कि 8जीबी रैम+128जीबी की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है और यह अभी भी 19,999 रुपये की कीमत में उपलब्ध है। रेडमी 8ए ड्यूल की बात करें तो इसके 3जीबी रैम+32जीबी स्टोरेज वेरियंट की कीमत 300 रुपये बढ़कर 8,299 रुपये हो गई है। फटॉग्रफी के लिए फोन में क्वॉड रियर कैमरा सेटअप मिल जाता है। इसमें 64 मेगापिक्सल के प्राइमरी लेंस के साथ एक 8 मेगापिक्सल का अल्ट्रा-वाइड ऐंगल लेंस, 5 मेगापिक्सल का मैक्रो सेंसर और एक 2 मेगापिक्सल का डेप्थ सेंसर दिया गया है। सेल्फी के लिए फोन में 32 मेगापिक्सल का फ्रंट कैमरा मौजूद है।

# 60 पैसे बढ़ोतरी के साथ दिल्ली में सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचे डीजल के दाम, पेट्रोल भी 35 पैसे महंगा

नई दिल्ली । पेट्रोल और डीजल की कीमतों में रविवार को लगातार 15वें दिन बढ़ोतरी दर्ज की गई। पेट्रोल के दाम जहां 35 पैसे प्रति लीटर बढ़ाए गए हैं, वहीं डीजल की कीमतों में 60 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। इससे दिल्ली में डीजल के दाम 78 ।27 रुपए प्रति लीटर के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए हैं। पिछले 15 दिन में डीजल के दाम 8 ।88 रुपए प्रति लीटर बढ़ाए गए हैं, जबकि इस दौरान पेट्रोल 7 ।97 रुपए प्रति लीटर महंगा हुआ है। पेट्रोलियम विपणन कंपनियों 5ी मूल्य अधिसूचना के अनुसार, अब दिल्ली में पेट्रोल का दाम 78 ।88 रुपए प्रति लीटर से बढ़कर 79 ।23 रुपए प्रति लीटर हो गया है। वहीं डीजल 77 ।67 रुपए प्रति लीटर से बढ़कर 78 ।27 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया है। वाहन ईंधन की कीमतों में देशभर में बढ़ोतरी हुई है। हालांकि, स्थानीय



बिक्रीकर या मूल्यवर्धित कर (वैट) की वजह से विभिन्न राज्यों में यह बढ़ोतरी अलग-अलग होती है। ईंधन के खुदरा मूल्य में करों का हिस्सा लगभग दो-तिहाई बैठता है। पेट्रोल के मामले में करों का हिस्सा 50 ।69 रुपए प्रति लीटर या 64 प्रतिशत है। इसमें 32 ।98 रुपए केंद्रीय उत्पाद शुल्क और 17 ।71 रुपए स्थानीय बिक्रीकर या वैट है। वहीं डीजल के खुदरा मूल्य में करों का हिस्सा करीब 63 प्रतिशत है। यह प्रति लीटर 49 ।43 रुपए बैठता है। इसमें 31 ।83 रुपए केंद्रीय उत्पाद शुल्क और 17 ।60 रुपए वैट है। मुंबई में पेट्रोल का दाम बढ़कर 86 ।04 रुपए प्रति लीटर और डीजल का 76 ।69 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पेट्रोलियम विपणन कंपनियों ने सात जून से ईंधन कीमतों में रोजाना लागत के हिसाब से संशोधन फिर शुरू किया था। तब से यह ईंधन कीमतों में लगातार 15वीं बढ़ोतरी है। इससे पिछले 82 दिन पेट्रोलियम विपणन कंपनियों ने कीमतों में संशोधन रोका हुआ था। डीजल के दाम अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गए हैं।

# शासकीय कर्मचारियों का विदाई समारोह हर माह के प्रथम सोमवार को कलेक्ट्रेट में होगा आयोजित

## शॉल-श्रीफल से सम्मान के साथ-साथ उसके सभी स्वत्वों का भी भुगतान किया जायेगा

**ग्वालियर।** शासकीय सेवा पूर्ण करने पर सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों को सम्मानपूर्वक विदा किया जायेगा। कलेक्ट्रेट कार्यालय में विदाई समारोह आयोजित कर विदा ले रहे कर्मचारियों को शॉल-श्रीफल से सम्मानित करने के साथ-साथ सेवानिवृत्ति के दिन ही उनके सभी स्वत्वों का भुगतान भी किया जायेगा। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने नई पहल कर यह कार्यक्रम करने के निर्देश दिए हैं। महीने के प्रथम सोमवार को शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन होगा। इस समारोह में कलेक्टर के साथ ही प्रशासनिक अधिकारी और जिस विभाग के कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं उस विभाग के कार्यालय प्रमुख उपस्थित रहेंगे। समारोह में शॉल-श्रीफल के साथ सम्मान किया जायेगा और सेवानिवृत्ति के दिन ही कर्मचारी को उसके सभी क्लेमों की राशि भी उपलब्ध कराई जायेगी। अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने इस संबंध में दिशा-निर्देश दिए हैं। बैठक में शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ-साथ कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम के लिये की जा रही कार्रवाई को और प्रभावी बनाने



के निर्देश भी दिए हैं। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री शिवम वर्मा, अपर कलेक्टर श्री आशीष तिवारी, एडीएम श्री टी एन सिंह, एडीएम श्री किशोर कन्याल, अपर कलेक्टर श्री रिंकेश वैश्य, सीईओ स्मार्ट सिटी श्रीमती जयति सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने कहा है कि सभी विभागीय अधिकारी स्वयं तथा अपने सभी अधीनस्थों को आरोग्य सेतु ऐप अनिवार्यत: लोड कराएं। शासकीय कार्यालयों में कोविड-19 को देखते हुए संक्रमण की रोकथाम के लिये सभी आवश्यक कार्रवाईयां भी सुनिश्चित की जाएं। सोशल डिस्टेंसिंग का पालन शासकीय कार्यालयों में हो, यह विभागीय अधिकारी सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों के व्यक्तिगत प्रकरणों का निराकरण भी तत्परता से किया जाना चाहिए। पेंशन प्रकरणों के निराकरण में किसी भी प्रकार का विलंब नहीं होना चाहिए। किसी भी कार्यालय में अगर पेंशन का कोई प्रकरण लंबित है तो उसको तत्काल निराकृत कराने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने यह भी स्पष्ट किया कि शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग में लंबित पेंशन प्रकरणों को तत्परता से निराकृत करने के लिये विशेष पहल की जाए। अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरणों में भी तत्परता से कार्रवाई की जाए। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने सीएम हैल्पलाइन एवं लंबित प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा के दौरान विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सीएम हैल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। लेवल-4 तक शिकायत पहुँचती है तो संबंधित अधिकारियों को कारण सहित जवाब देना होगा। इसके साथ ही विभागीय स्तर पर जो प्रकरण टीएल अंकित कर भेजे जाते हैं उनका निराकरण भी निर्धारित समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए। जिन प्रकरणों में निराकरण समय-सीमा में संभव नहीं है, उनमें विभागीय अधिकारी कारण सहित जवाब वरिष्ठ अधिकारियों को प्रस्तुत करें। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बैठक में कहा है ि?क कोविड-19 के कारण प्रवासी श्रमिक बड़ी संख्या में ग्वालियर जिले में आए हैं। बाहर से आए सभी श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। ग्राम पंचायतों में किए जा रहे विकास कार्यों में रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ विभिन्न योजनाओं के तहत कराए जा रहे निर्माण कार्यों में भी प्रवासी श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध हो यह सुनिश्चित किया जाए। निर्माण विभाग के अधिकारी अपने-अपने विभागों के निर्माण कार्यों में प्रवासी श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराएं। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने उद्योग विभाग के अधिकारियों को भी कहा है कि जिले में संचालित उद्योगों में भी प्रवासी श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध हो, इसके लिये उद्योग संचालकों से चर्चा कर रोजगार उपलब्ध कराने की पहल की जाए।

# योगा से इम्यूनिटि बढ़ाओ, कोरोना को भगाओ' - डॉ. पाण्डेय



**ग्वालियर ।** कोविड-19 कोरोना काल में मनुष्य की रोग प्रतिरोधक क्षमता अच्छी होनी चाहिये। 21 जून अन्तराष्ट्रीय योग दिवस है यदि हम योग को अपनाते हैं, तो कोरोना महामारी से लड़ सकते हैं। भारतीय योग पद्धति को सम्पूर्ण विष्व अपना रहा है। यदि इस संकट के समय हम सभी लोग योग को अपने जीवन में समावेष कर लेते हैं। तब कोरोना को हराने में योग से मदद मिल सकती है। जिसके लिये कोरोना निगरानी समिति ने फ्लेग पॉइन्ट कटोरा ताल पर योग करके प्रातःकाल लोगों को जागरुक करने का कार्य किया। इस संकट के समय झोन 15 के एस.डी.एम. सी.बी. प्रसाद ने सर्वप्रथम पहल करते हुये ग्वालियर महानगर में माधव महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा व सामाजिक कार्यकर्ताओं को शामिल करते हुये कोरोना निगरानी समिति का गठन किया। यह समिति एस.डी.एम. सी.बी. प्रसाद के मार्गदर्शन में कोरोना निगरानी समिति कार्य कर रही है। जिसके पर्यवेक्षक डॉ. संजय कुमार पाण्डेय, कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना को बनाया गया है। बेहतर भविष्य के लिये हमें सम्भलना होगा क्योंकि कोविड-19 विष्व व्यापी संकट कोरोना काल स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संदेष है। संकट का सामना संपूर्ण विष्व कर रहा है परन्तु इसकी रोकथाम के लिये प्रषासनिक स्तर के बजाय सामाजिक लोगो का सहयोग लेकर रोका व जागरूक किया जा सकता है। स्वस्थ शरीर के लिये प्रतिरोधकता क्षमता को बढ़ाने के लिये योग क्रियाओं का आयोजन माधव महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाइ एवं कोरोना निगरानी समिति द्वारा किया गया है। इस कार्यक्रम का नेतृत्व वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजय कुमार पाण्डेय ने किया। योग दिवस कार्यक्रम में डॉ. संजय कुमार पाण्डेय, दीपक जैसवाल व एन.एस.एस. स्वयंसेवकों के साथ योग जागरुकता कार्यक्रम सम्पन्न किया। डॉ. पाण्डेय ने बताया कि योग द्वारा हम सभी बीमारियों को दूर भगा सकते हैं साथ ही अपने शरीर को भी स्वस्थ रख सकते हैं। योग से हमारी ÷इम्यूनिटि बढ़ाओ, कोरोना को भगाओ÷ के जागरुकता के लिये योग आवष्यक है। योग से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है, साथ ही संकट के समय संयम से कार्य करने का अवसर योग प्रदान करता है। कार्यक्रम में स्वयं सेवक तरुण रोहिरा, अंकुर चौरसिया, वैष्णवी, पूर्वी मोरगांवकर, योगेष्वर माहौर, आकाष जोषी, अनुभव दीक्षित, अनिरुद्ध, प्रदीप, यष, संजय, महेष आदि लोगों ने सहभागिता की।

## कोविड-19 निगरानी समिति, राष्ट्रीय सेवा योजना माधव महाविद्यालय द्वारा योग दिवस



## खाद्यान्न न मिलने पर अपनी समस्या दूरभाष पर दर्ज कराएं

**ग्वालियर।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय के निर्देशों के तहत ग्वालियर जिले में संचालित चिन्हित शासकीय उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत योजना अंतर्गत माइग्रेन्ट मजदूरों को निःशुल्क खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। माइग्रेन्ट मजदूरों का चयन स्थानीय निकायों द्वारा किया गया है। अत: स्थानीय निकायों द्वारा चिन्हित परिवारों को प्रति सदस्य 5 किलोग्राम गेहूँ प्रति माह के मान से दो माह हेतु 10 किलोग्राम गेहूँ एकमुश्त एवं एक किलोग्राम साबुत चना प्रतिमाह प्रति परिवार के मान से दो माह हेतु 2 किलोग्राम साबुत चना एकमुश्त निःशुल्क वितरण किया जा रहा है।

## रोट्रेक्ट रीगल की युमुन 20 युवा संसद का समापन

**बरखा श्रीवास्तव ब्यूरो**

ग्वालियर की पहली वर्चुअल युवा संसद मॉडल युनाइटेड नेशन ÷युमुन 20÷रोट्रेक्ट क्लब ऑफ ग्वालियर रीगल द्वारा आयोजित की गई क्लब अध्यक्ष आकाश बरूआ ने बताया कि दो दिन चली इस युवा संसद का शुभारंभ मुख्य रोटरी अंतरराष्ट्रीय डिस्ट्रिक्ट 3053 के प्रांतपाल हरीश गौर और विशिष्ट अतिथि महेंद्र शर्मा ने किया इस युवा संसद में दो सीमितियों का गठन किया गया जिसमें एक विश्व व्यापार संगठन इसमें प्रतिनिधियों ने कोविड -19 की वजह अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभावों पर चर्चा की जिसे अंशुल सिंह और रोहन भोजवानी ने संचालित किया और दूसरा अखिल भारतीय राजनीतिक विभाजन जिसमें प्रतिनिधियों ने सीएए और एनआरसी पर बहस कर इसके फायदे व नुकसान पर चर्चा की गई जो कि सम्राट झा और करण सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुयी।इस वर्चुअल युवा संसद



मैं संपूर्ण भारत से प्रतिभागी शामिल हुए थे संसद के आखिरी दिन मुख्य अतिथि के रूप में बारखेड़ी अब्दुल्ला भोपाल की युवा सरपंच भक्ति शर्मा शामिल हुयी।जिसमें उन्होंने भारत के विकास में युवाओं का महत्व विषय पर अपना वक्तव्य दिया कार्यक्रम का संचालन मुख्य रूप से भूपैंद्र राजपूत और सत्यम गर्ग द्वारा किया गया होस्ट मानसी चौहान और आभार क्लब अध्यक्ष आकाश बरूआ ने किया इस युवा संसद का मुख्य उद्देश्य युवाओं को देश हित के लिए उनकी बात रखने हेतु मंच प्रदान करना इस मौके पर क्लब के सभी सदस्य उपस्थित रहे।।

## पेट्रोल-डीजल के मूल्यों में लगातार हो रही वृद्धि को रोका जाए : चेम्बर ऑफ कॉमर्स

**ग्वालियर, ।** पेट्रोल-डीजल के दामों में विगत् कई दिनों से लगातार हो रही वृद्धि के संबंध में आज चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक मंत्री-श्री धर्मेन्द्र प्रधान, केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री-श्री नितिन गड़करी, केन्द्रीय मंत्री-श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, मुख्यमंत्री-श्री शिवराज सिंह चौहान, सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री-श्रीमंत ज्योतिरादित्य जी सिंधिया एवं सांसद-श्री विवेक नारायण शेजवलकर को चेम्बर ने पत्र प्रेषित कर, माँग की है कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार वृद्धि पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए । चेम्बर के अध्यक्ष-विजय गोयल, संयुक्त अध्यक्ष-प्रशांत गंगवाल, उपाध्यक्ष-पारस जैन, मानसेवी सचिव-प्रवीण अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-ब्रजेश गोयल एवं कोषाध्यक्ष-वसंत अग्रवाल ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में अवगत कराया है कि म. प्र. में पेट्रोल व डीजल की दरें पूर्व से ही सर्वाधिक है और अब लगातार इनकी कीमतों में हो रही वृद्धि से प्रदेश में विकास की गति पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है क्योंकि इससे माल ढुलाई पर सीधे असर हो रहा है । देश में 60त्र डीजल कृषि और ट्रांसपोर्ट में इस्तेमाल होता है, इससे सभी सामान महँगा हो रहा है चेम्बर द्वारा प्रेषित पत्रों में उल्लेख किया गया है कि, कोविड-19 के कारण देशभर में हुए 'लॉकडाउन' से देश की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर हुई है और व्यापार-उद्योग में सुस्ती छाई हुई है । बावजूद इसके वर्तमान संकटकाल में लगातार पेट्रोल-डीजल के दामों में वृद्धि किए जाने से महँगाई बढ़ना स्वभाविक है, जबकि वर्तमान में व्यापार मंदी के दौर से गुजर रहा है । इसलिए यह आवश्यक है कि देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए । केन्द्र सरकार द्वारा पेट्रोल-डीजल के दामों में लगातार वृद्धि का यह कदम महँगाई बढ़ाने वाला होने के साथ-साथ, जनता में भी रोष उत्पन्न करने वाला है, जिसके दूरगामी परिणाम होंगे । इसलिए पेट्रोल-डीजल के दामों में हो रही लगातार वृद्धि पर अंकुश लगाया जाना अतिआवश्यक है पदाधिकारियों ने माननीय मंत्रीगणों व मुख्यमंत्री जी से माँग की है कि पेट्रोल एवं डीजल के मूल्यों में निरन्तर हो रही वृद्धि को तत्काल रोका जाए । साथ ही, हाल ही में जो मूल्य वृद्धि हुई है, उसकी समीक्षा की जाए, ताकि पेट्रोल एवं डीजल की दरें नियंत्रित रहकर, आम नागरिकों सहित व्यवसाईयों एवं उद्योगपतियों को महँगाई की मार के साथ-साथ मंदी व संकटकाल में कुछ राहत मिल सके ।

## नामांतरण के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

**ग्वालियर।** नामांतरण के लिऐ कोई भी व्यक्ति वेबसाइट पर स्वयं, एम.पी. ऑनलाइन कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र, पटवारी अथवा पंचायत सचिव के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। आवेदक को आवेदन की पावती भी ऑनलाइन मिलेगी। लोगों को अब नामांतरण के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगें। राजस्व विभाग द्वारा राजस्व से संबंधित प्रकरणों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के लिये रेवेन्यु केस मैनेजमेंट सिस्टम लागू किया गया है। फौती नामांतरण, सभी वारिसों के हक के आधार पर - खातेदार की मृत्यु होने के उपरांत उसके वैध वारिसों का नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज किया जाना।

# पुलिस कर्मियों का वेलफेयर सर्वोच्च प्राथमिकता एवं अपराधों की विवेचना हो तेज-एडीजी राजाबाबू सिंह

**ग्वालियर।** अति0 पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर जोन श्री राजा बाबू सिंह,भापुसे द्वारा आज से ग्वालियर पुलिस का वार्षिक निरीक्षण किया जा रहा है। वार्षिक निरीक्षण के तहत एडीजी ग्वालियर जोन द्वारा आज एसपी आफिस का निरीक्षण किया। आज प्रात: सबसे पहले एडीजी ग्वालियर जोन श्री राजाबाबू सिंह द्वारा गार्ड से सलामी ली। उसके बाद एसपी कार्यालय का निरीक्षण प्रारंभ किया। निरीक्षण के दौरान एडीजी ग्वालियर जोन द्वारा पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री नवनीत भसीन एवं समस्त अति0 पुलिस अधीक्षकों से चर्चा की तथा समस्त अति0 पुलिस अधीक्षकों को जिले के थानों में तीन माह से अधिक समय के लंबित गंभीर अपराध तथा लंबित 173(8) दंड प्रकिया संहिता के प्रकरणों की सूची लेकर आने के लिये कहा गया, जिसकी समीक्षा मंगलवार को की जाएगी।

### आरक्षकों को मिले विवेचना का अधिकार-

एसपी आफिस में किये जा रहे निरीक्षण के दौरान एडीजी श्री राजाबाबू सिंह के संज्ञान में यह बात आई कि जिले में प्र0आरक्षक एवं सहा0 उपनिरीक्षक के लगभग 500 पद खाली पड़े हुए हैं। लेकिन सुप्रीमकोर्ट में पदोन्नति में आरक्षण चलते प्रमोशन को रोक दिया गया है। जिससे बहुत सारे प्रकरण पेडिंग पड़े हुए है। इस संबंध में एडीजी श्री राजाबाबू सिंह ने डीजीपी म0प्र0 श्री विवेक



जौहरी से भी निवेदन किया गया है कि जिन आरक्षकों का सेवाकाल 8 वर्ष से अधिक है उन्हें वरिष्ठ आरक्षक का दर्जा देकर सामान्य प्रकरणों की विवेचना का अधिकार दे दिया जाना चाहिये।

**स्वत्वों का भुगतान जल्द परिवारजनों को किया जाये एवं अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों का त्वरित निराकरण हो:** एडीजी श्री राजाबाबू सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया किजिन पुलिस कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति या मृत्यु हो गयी है उनके स्वत्वों का भुगतान अति शीघ्र परिवारजनों किया जाना चाहिये और पेंशन प्रकरणों को जल्द बनाया जाना चाहिये, इस संबंध में तत्काल कार्यवाही होनी चाहिए।जिससे पुलिस परिवार के सदस्यों की पुलिस सेवा में रहते हुए मृत्यु हो जाने पर उनके परिवार के एक सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति जल्द मिले।

## ग्वालियर जिले में चल रहे पुलिस के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर सतत् नजर रहे:

ग्वालियर जिले के सिरोल थाना परिसर में पुलिस कर्मचारियों के 80 आवास और डीआरपी लाईन में 240 आवासों का निर्माण किया जा रहा है उनकी गुणवत्ता की समय समय पर मॉनीटरिंग करने के निर्देश भी एडीजी श्री राजाबाबू सिंह ने संबंधित अधिकारियों को दिये। एडीजी ग्वालियर जोन का यह वार्षिक निरीक्षण पूरा सप्ताह चलेगा। 22 जून सोमवार को उनके द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में निरीक्षण किया गया।23 जून को डीआरपी लाईन,24 जून को ग्वालियर शहर के दो थानें,25 जून को ग्वालियर के ग्रामीण इलाके किसी एक थाने, 26 जून को यातायात पुलिस थाना, एजेके थाना, महिला थाना और पुलिस कन्ट्रोल रूम तथा27 जून को क्राइम ब्रांच थाने का निरीक्षण किया जाएगा।28 जून को पौधारोपण कार्यक्रम में बतोर मुख्य अतिथि शामिल होकर पौधारोपण करेंगे। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के निरीक्षण में पुलिस अधीक्षक नवनीत भसीन, एएसपी पंकज पांडे, सतेन्द्र तोमर, आरएस नरवरिया, श्रीमति सुमन गुर्जर डीएसपी मुनीश राजौरिया और केएम गोस्वामी और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तैनात स्टाफउपस्थित रहें। एडीजीपी ग्वालियर जोन द्वारा कार्यालयीन स्टॉफसे भी एक-एक कर चर्चा की और पुलिस कर्मचारियों को लंबित प्रकरणों का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिये।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं ... पंजीयन क्रमांक एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478